page 1_Layout 1 25-10-2026 21:52 Page 1

अनमोल वचन

'मुझे पाने के लिए किसी तीर्थ की नहीं, सच्चे मन की आवश्यकता होती है।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » सोमवार, 26 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :183 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

आज का भारती



मुख्यमंत्री ने 15 वर्षीय जंगशेर सिंह को कांस्य पदक जीतने पर दी बधाई

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने युवा बैडमिंटन खिलाड़ी जंगशेर सिंह खंगुरा से मुलाकात की। जंगशेर ने 15 साल की उम्र में मिस्र में आयोजित वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। इस मुलाकात के दौरान, मान ने जंगशेर और उनके परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस जीत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पंजाब का मान बढ़ा है मुख्यमंत्री ने युवा खिलाड़ी को उनके भविष्य के खेल करियर के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वे और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकें और राज्य तथा देश का नाम रोशन कर सकें। इतनी कम उम्र में जंगशेर की यह उपलब्धि पंजाब के उभरते बैडमिंटन खिलाड़ियों की क्षमता को दर्शाती है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य की खेल उपलब्धियों में एक और नाम जोड़ती है।

केन्या में मौत बनकर दौड़ा ट्रक!

बस-ट्रक की टक्कर में 22 लोगों की मौत

- अंतिम संस्कार से लौट रहे थे यात्री, बढ़ सकता मृतकों का आंकड़ा

ठीक इसी जगह 3 हफ्ते पहले भी गई थीं 17 जानें

डेली आवाज भारती




केन्या। मुख्य राजमार्ग पर एक बस और ट्रक की टक्कर में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह दुर्घटना राजधानी नैरोबी को तटीय शहर मोम्बासा से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई। ठीक इसी जगह तीन सप्ताह पहले हुए एक हादसे में 17 लोगों की मौत हुई थी। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह हुए हादसे में कई अन्य लोग घायल हो गए और उनका इलाज किया जा रहा है। दुर्घटना के समय बस में सवार यात्री एक अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे। मकुएनी काउंटी के आयुक्त अब्दुल्लाही खलीफ ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। केन्या के राष्ट्रीय परिवहन एवं सुरक्षा प्राधिकरण ने कहा कि राजमार्ग के जिस हिस्से पर दुर्घटना हुई, उसे दुर्घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया है। प्राधिकरण ने बताया कि वहां सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए सिफारिशें भी की गई थीं।

नशा तस्करों पर अमित शाह का प्रहार

1,424 बैंक खाते फ्रीज

100 करोड़ के हवाला लेनदेन का खुलासा

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोहों को नेस्तनाबूद कर देगा। उन्होंने इसके साथ ही 'ऑपरेशन ट्राइडेंट की सराहना की जिसके तहत असम, मिजोरम और मणिपुर में एक साथ की गई छापेमारी में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 1,424 बैंक खातों को फ्रीज किया गया है। इस कार्रवाई में 100 करोड़ रुपये के हवाला लेनदेन का खुलासा हुआ। इसके साथ ही गृह मंत्री ने कहा कि इस साल की शुरुआत में म्यांमा स्थित मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के सरगना की गिरफ्तारी से उसकी वित्तीय और परिचालन संबंधी रीढ़ तोड़ दी गई। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत, म्यांमा और बांग्लादेश में सक्रिय मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह को ध्वस्त करने के लिए 23 अक्टूबर को 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' चलाया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में 100 करोड़ रुपये के हवाला लेनदेन का खुलासा हुआ, 17.82 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की गई और 500 डेटोनेटर तथा 12 लाख रुपये नकद जब्त किए गए। शाह ने कहा कि यह गिरोह 'डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर' के जरिए भारत, म्यांमा और बांग्लादेश की सीमाओं के पार मादक पदार्थों की तस्करी करता था। केंद्रीय गृह मंत्री ने तीनों राज्यों की पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों की मादक पदार्थ रोधी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान 31 दिसंबर 2029 तक मादक पदार्थों के हर नेटवर्क को खत्म करने के सरकार के संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ÷भारत मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोहों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने तक प्रहार करता रहेगा। ऑपरेशन ट्राइडेंट के तहत स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी और वित्तीय गिरोह को निशाना बनाते हुए असम, मिजोरम और मणिपुर में 38 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की।

इस अभियान में 38 टीमों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य एक बड़े अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के परिचालन और वित्तीय तंत्र को ध्वस्त करना था। इस गिरोह का नेतृत्व म्यांमा स्थित सरगना थांगसिंतुआंग उर्फ चिंतुआंग उर्फ त्लुआंगा कर रहा था। वह म्यांमा-मिजोरम-मणिपुर-असम-त्रिपुरा गलियारे के जरिए मेथामफेटामाइन और हेरोइन की खेप भारत के मुख्य भूभाग और बांग्लादेश तक पहुंचाने की व्यवस्था करता था। उसे इस साल मई में गिरफ्तार किया गया था।

हम पंजाब को शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित कर रहे हैं: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

डेली आवाज भारती

- सरकारी स्कूलों के सुधार कार्यों के लिए फंडों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान



धूरी/सुकून महाजन: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि पंजाब को शिक्षा के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के सुधार कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और सरकार द्वारा युवाओं के लिए करियर के नए रास्ते खोले जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनकी सरकार द्वारा युवाओं को रिश्वत और रमाइश के बिना पूरी तरह योग्यता के आधार पर 70,000 से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं। धूरी के गांव बरड़वाल स्थित देश भगत कॉलेज में युवा मेले के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें शिक्षा और कड़ी मेहनत पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पंजाब को ऐसे चुने हुए प्रतिनिधियों की जरूरत है जो लोगों के दुखों और समस्याओं को समझ सकें।

इस मौके की कुछ यादें साझा करते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'X' पर लिखा: 'आज मुझे धूरी हल्के के गांव बरड़वाल स्थित देश भगत कॉलेज में करवाए गए क्षेत्रीय युवा मेले के दौरान युवाओं से रूबरू होने का मौका मिला। उनके उत्साह और कलात्मक हुनर को देखकर मुझे अपने शुरुआती दिनों की याद आ गई, क्योंकि मेरा सफर भी ऐसे ही मंचों से शुरू हुआ था। युवाओं को मेरी सलाह है कि इन मुकाबलों में हिस्सा लेना ही अपने आप में सबसे बड़ी जीत है। जो जीतते हैं, उन्हें नम्र रहना चाहिए और जो हार जाते हैं उन्हें और कड़ी मेहनत करनी चाहिए। हमारी सरकार ने बिना किसी सिफारिश या रिश्वत के युवाओं को 70,000 से अधिक नौकरियां दी हैं। तुम बस अपनी पढ़ाई और कड़ी मेहनत पर ध्यान दो। पंजाब सरकार हर कदम पर तुम्हारे साथ खड़ी है। इस मौके पर जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, युवाओं की ऊर्जा, हुनर और रचनात्मकता पंजाब की सबसे बड़ी पूंजी हैं और सूबे का भविष्य इन गुणों को निखारने और युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ अवसर प्रदान करने पर निर्भर करता है। मुख्यमंत्री ने कहा, शिक्षा क्लासरूम, पाठ्यपुस्तकों और परीक्षा के नतीजों से परे होनी चाहिए। असली शिक्षा स्वतंत्र सोच, जिम्मेदारी की मजबूत भावना, अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति सम्मान और अपने सपनों को पूरा करने की हिम्मत वाले आत्मविश्वासी व्यक्ति पैदा करने में है।



- हमारी सरकार युवाओं के लिए करियर के कई रास्ते खोलने पर ध्यान केंद्रित कर रही है: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

युवा मेलों के महत्व को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे समागम विद्यार्थियों को अपने छिपे हुए हुनरों का पता लगाने, झिझक को दूर करने, आत्म-विश्वास विकसित करने और अनुशासन, टीम वर्क और स्वस्थ मुकाबले में बहुमूल्य सबक सीखने के योग्य बनाते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'यह मंच विद्यार्थियों को एक दूसरे से सीखने, अपने सोच के दायरे को बड़ा करने और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अपने आप को तैयार करने में मदद भी करते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस युवा मेले में 39 कॉलेजों के विद्यार्थियों की भागीदारी को देखकर बेहद खुशी जताई। इस दौरान चार चरणों में 60 विभिन्न गतिविधियां करवाई गई।

कांग्रेस के पूर्व विधायक अकाली दल में शामिल, सुखबीर बादल ने किया स्वागत

कांग्रेस के पूर्व विधायक रमिंदर सिंह आवला अकाली दल में शामिल

डेली आवाज भारती



जलालाबाद (पंजाब), जलालाबाद से कांग्रेस के पूर्व विधायक, रमिंदर सिंह आवला, शिरोमणि अकाली दल (SAD) में शामिल हो गए हैं। आवला का पार्टी में स्वागत करते हुए, SAD नेता सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि उनके आने से जलालाबाद और पूरे पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में पार्टी मजबूत होगी। बादल ने कहा कि जलालाबाद ने उन्हें इस क्षेत्र की तीन बार सेवा करने का मौका दिया है। उन्होंने बताया कि अकाली सरकारों के दौरान इस इलाके में काफी विकास हुआ है। पार्टी में आवला की भूमिका पर भरोसा जताते हुए, बादल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पूर्व विधायक 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले, जलालाबाद और पूरे सीमावर्ती क्षेत्र में शिरोमणि अकाली दल को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। आवला का ग्रुप में शामिल होना, 2027 में होने वाले पंजाब विधानसभा चुनावों से ठीक पहले हुआ है।

खड़गे के कार्यक्रम में कांग्रेसी युवक की पिटाई

पार्टी अध्यक्ष ने पीएम मोदी को लेकर दिए विवादित बयान

पटना। बिहार की राजधानी पटना में रविवार को बिहार के पहले मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उस समय हंगामा हो गया, जब खुद को कांग्रेसी बताने वाले एक युवक ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर टिप्पणी की। युवक ने कथित तौर पर कहा कि इस तरह की लड़ाई से पीएम मोदी नहीं जाने वाले। इस पर खड़गे ने पीएम मोदी को लेकर अपशब्द बोल दिए, जिस पर हंगामा हो गया। साथ ही, कुछ लोगों ने युवक के साथ हाथापाई भी की। बताया जा रहा है कि युवक छपरा का रहने वाला है। वह खड़गे को यह समझाने की कोशिश कर रहा था कि इस तरह की राजनीतिक लड़ाई से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से नहीं हटाया जा सकेगा।

बीबी अमनजोत कौर रामूवालिया ने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर कर्मचारियों से किए गए वादे पूरे नहीं करने का आरोप

- कहा, सरकार के बार-बार आश्वासन के बावजूद कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा

डेली आवाज भारती




मोहाली। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की सदस्य बीबी अमनजोत कौर रामूवालिया ने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर कर्मचारियों से किए गए वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के बार-बार आश्वासन के बावजूद कर्मचारियों को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है, यह स्थिति सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को उजागर करती है। अमनजोत कौर रामूवालिया ने कहा कि 21 और 22 अक्टूबर को पंजाब भर में कर्मचारियों द्वारा सामूहिक छुट्टी का विरोध प्रदर्शन सरकार के लिए गंभीर चिंता का विषय है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पता चला है कि इन प्रदर्शनों में करीब तीन लाख कर्मचारी शामिल हुए. इसके साथ ही पंजाब रोडवेज और पनबस के कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की हड़ताल के कारण भी कई जगहों पर बस सेवाएं प्रभावित हुई. अमनजोत कौर रामूवालिया ने कहा कि पंजाब सरकार के मंत्रियों ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर जो आश्वासन दिया है, उसका असली आकलन घोषणाओं से नहीं, बल्कि लिये गये फैसलों और उनके कार्यान्वयन से होगा. महंगाई भत्ते का बकाया, पुरानी पेंशन योजना, पेंशनभोगियों की मांगें, बंद किए गए 37 भत्तों की बहाली और संविदा कर्मचारियों को पक्का करने जैसे मुद्दों पर असंतोष है तो सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए कि इनका समाधान कब होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की इस विफलता का सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है. सामूहिक अवकाश के कारण उपायुक्त कार्यालयों, तहसीलों, नगर निगमों और अन्य सरकारी कार्यालयों में सामान्य कामकाज प्रभावित हुआ। लुधियाना में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्रियों का काम भी बंद हो गया और जरूरी काम निपटाने के लिए दफ्तर पहुंचे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पंजाब रोडवेज और पनबस के कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कई जगहों पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

अमनजोत कौर रामूवालिया ने कहा कि भगवंत मान सरकार एक तरफ लोगों को सुविधाएं देने का दावा करती है, लेकिन दूसरी तरफ कर्मचारियों की लंबित मांगों के कारण सरकारी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। जब लोगों को अपने जरूरी काम के लिए बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ें, रजिस्ट्रेशन न हो और परिवहन में दिक्कत हो तो सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती।

'चिट्टा ही चिट्टा': बठिंडा के एक गांव में दीवार पर लिखे संदेश ने पँजाब में 'युद्ध नशे विरुद्ध' की खोली पोल?

डेली आवाज भारती



बठिंडा। बठिंडा जिले में पंजाब-हरियाणा सीमा के पास डूमवाली गांव की नरसिंह कॉलोनी में लगभग 450 पुलिसकर्मियों द्वारा 'घेराबंदी और तलाशी अभियान' (CASO) चलाए जाने के बमुश्किल दो हफ्ते बाद, हेरोइन की कथित आसान उपलब्धता फिर से चर्चा में आ गई है। शनिवार देर रात कुछ अज्ञात लोगों ने एक दीवार पर चिट्टा ही चिट्टा लिख दिया।

इस संदेश के साथ एक तीर का निशान भी बनाया गया था, जो संभवतः इलाके में ड्रग्स की कथित उपलब्धता की ओर इशारा कर रहा था। इलाके की एक महिला ने आरोप लगाया कि उसका बेटा ड्रग्स का आदी है और उसने दावा किया कि इस इलाके में 'चिट्टा' (हेरोइन) आसानी से मिल जाता है। उसने आरोप लगाया कि जब पुलिस को सूचना मिलने पर छापेमारी करती है, तो कुछ पुलिसकर्मी पहले ही संदिग्ध ड्रग तस्करों को इसकी खबर दे देते हैं। हालांकि, उसने ड्रग्स की समस्या से निपटने के लिए कुछ पुलिसकर्मियों के प्रयासों की तारीफ भी की। 10 अक्टूबर को, बठिंडा रेंज के डीआईजी हरजीत सिंह ने एसएसपी सुहेल कासिम मीर और अतिरिक्त उपायुक्त कंचन के साथ मिलकर नरसिंह कॉलोनी में एक तलाशी अभियान का नेतृत्व किया। यह इलाका संगत पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आता है। पिछले साल नवंबर में, मौड़ कलां गांव के कुछ निवासियों ने दीवारों पर 'इधर चिट्टा सरेआम मिलता है' लिख दिया था और कथित ड्रग तस्करों के घरों की ओर इशारा किया था। यह विरोध प्रदर्शन एक युवक की मौत के बाद हुआ था, जिसके बारे में आशंका जताई गई थी कि उसकी मौत ड्रग्स की ओवरडोज़ से हुई है। इससे पहले, पिछले साल जून में, भाई बख्तौर गांव के एक किसान ने साड्डा पिंड बिकाऊ है (हमारा गांव बिकने के लिए है) लिखा एक बैनर लगाकर गांव में ड्रग्स की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया था। स्थानीय भाजपा नेता हरभजन सिंह ने लोगों से अपील की कि वे राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठें और इलाके को ड्रग्स से मुक्त कराने के लिए मिलकर काम करें। बाद में, कुछ लोगों ने दीवार पर लिखी उस बात को मिटाने की भी कोशिश की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बीच, बठिंडा की सांसद हरसिमरत कौर बादल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए पंजाब में ड्रग्स की समस्या को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की।

ओम बिरला से मिले रूसी स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष वोलोदिन

डेली आवाज भारती

संसदीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की



नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को रूसी संसद %ड्यूमा% के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों की संसदों के बीच निरंतर संस्थागत जुड़ाव, संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के नियमित आदान-प्रदान, और युवा तथा महिला सांसदों के बीच आपसी संवाद को बढ़ावा देकर संसदीय सहयोग का विस्तार करने पर चर्चा की। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने %भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी% को और गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। विधायी पीठासीन अधिकारियों के बीच यह बैठक 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच 2026 से पहले हुई। बैठक में भाजपा सांसद संबित पात्रा, विदेश मंत्रालय (एमईए) में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक के बारे में जानकारी देते हुए, बिरला ने %एक्स% पर लिखा, ÷12वें ब्रिक्स संसदीय मंच 2026 से पहले, रूसी संघ की फेडरल असेंबली के %स्टेट ड्यूमा% अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन के साथ एक सौहार्दपूर्ण और सार्थक बैठक हुई। भारत और रूस के बीच दोस्ती, आपसी विश्वास और समझ के गहरे बंधन हमारी दीर्घकालिक साझेदारी का आधार हैं।

CMYK

page 2_Layout 1 25-10-2026 17:32 Page 1

इंडी गठबंधन का मॉक पार्लियामेंट मॉक प्रस्ताव ही पास करेगा

क्योंकि इसे प्रस्ताव परकोई कार्रवाई नहीं होती : अनिल विज

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि 30 अक्टूबर को इंडि गठबंधन मॉक पार्लियामेंट में मॉक प्रस्ताव ही पास करेगा और मॉक प्रस्ताव पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। इसके अलावा, उन्होंने जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के बयान के संबंध पर हमला करते हुए कहा कि ÷फारूक अब्दुल्ला जी का जो चरित्र है वह देश के जन-जन में पहले से ही उजागर है यह हिंदुस्तान से ज्यादा पाकिस्तान से प्रेम करते हैं÷। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि ÷कुछ भटकी हुई आत्माएं पलट पलट के इस पर वार करने की कोशिश करती हैं लेकिन इनका कोई भी प्रहार कामयाब नहीं होगा÷ । विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि यह भटकी हुई आत्माएं हैं क्योंकि देश की जनता ने इनको पूरे देश से ठुकरा दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपने आप को जनता में जीवित रखने के लिए ऑक्सीजन के सिलेंडर लगाकर कभी किसी मुद्दे का, कभी किसी कंपनी का जीवित होने का प्रमाण देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि फारूक अब्दुल्ला द्वारा कश्मीर के लिए भारत के इरादे ठीक नहीं है, के बारे में दिए गए बयान के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ÷फारूक अब्दुल्ला जी का जो चरित्र है वह देश के जन-जन में पहले से ही उजागर है यह हिंदुस्तान से ज्यादा पाकिस्तान से प्रेम करते हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक कश्मीर की बात है तो कश्मीर भारत का है, तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने कांग्रेस द्वारा वहां लगाई गई अनुच्छेद 370 को हटाकर विशेष दर्जा खत्म किया है। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर भी भारत का वैसे ही अंग है जैसे पंजाब है, हरियाणा है, उत्तर प्रदेश और राजस्थान है और कश्मीर तथा कश्मीर के लोगों ने इसका स्वागत किया है। विज ने कहा कि कश्मीर में अब जी-20 की बैठक आयोजित की जाती हैं।

हरियाणा को विकास में अव्वल बनाने के बजाय साइबर अपराधों में अव्वल बना रही भाजपा सरकार : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती



सिरसा। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कुमारी सैलजा ने हरियाणा में लगातार बढ़ते अपराध, नशाखोरी, बेरोजगारी और साइबर ठगी की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा को विकास, रोजगार और खुशहाली में अव्वल बनाने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज प्रदेश अपराधों की बढ़ती रफ्तार के कारण चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। विशेष रूप से साइबर अपराध के मामलों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि सरकार की कानून व्यवस्था और साइबर सुरक्षा संबंधी तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में हरियाणा में साइबर अपराध के 751 मामले दर्ज हुए थे, जबकि वर्ष 2024 में इनकी संख्या बढ़कर 1,815 हो गई। इस प्रकार महज एक वर्ष में लगभग 142 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इसी अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराध के मामलों में करीब 18 प्रतिशत और पड़ोसी पंजाब में लगभग 74 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। हरियाणा में वृद्धि की दर राष्ट्रीय औसत से लगभग आठ गुना अधिक होना अत्यंत गंभीर विषय है। सांसद ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, नशे का फैलता जाल और युवाओं के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसरों का अभाव सामाजिक असुरक्षा को बढ़ा रहा है। नशे और आपराधिक गिरोहों के प्रभाव से युवाओं को बचाना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। इसके साथ ही ऑनलाइन ठगी, डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर अपराध के नए तरीकों से आम नागरिकों, बुजुर्गों तथा व्यापारियों की मेहनत की कमाई पर खतरा बढ़ रहा है। कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सवाल किया कि साइबर अपराध रोकने के लिए सरकार ने क्या प्रभावी कदम उठाए हैं और पीड़ितों की ठगी गई राशि वापस दिलाने में कितनी सफलता मिली है? साइबर पुलिस थानों में प्रशिक्षित कर्मचारियों, आधुनिक तकनीक और जांच संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। सांसद ने कहा कि सरकार को राजनीतिक प्रचार के बजाय कानून व्यवस्था मजबूत करने, नशे के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाने, युवाओं को रोजगार देने और साइबर सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

धान उत्पादक किसानों का बकाया भुगतान तत्काल जारी करे सरकार : कुमारी सैलजा

कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा की मंडियों में धान उठान में देरी और भुगतान अटकने से किसान आर्थिक संकट झेल रहे हैं। करीब 88 हजार किसानों का 2,148 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित होना गंभीर चिंता का विषय है। सरकार 72 घंटे में भुगतान के नियम का पालन सुनिश्चित करे। मंडियों से धान का तत्काल उठान करवाया जाए और सभी किसानों के बैंक खातों में बकाया राशि बिना देरी जमा करवाई जाए। बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद धान व कपास की फसलों का मुआवजा दे हरियाणा सरकार ÷ कुमारी सैलजा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा में फतेहाबाद जिलों के अनेक गांव हड़ोली, निमाड़ी, दादूपुर, रत्ताखेड़ा, जलोपुर और भटूसोत्र सहित आसपास के गांवों में बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी धान व कपास की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। मंडियों में किसानों की भीगी और खराब हुई फसल की भी सरकार भरपाई करे। सांसद ने मांग की कि सरकार तत्काल विशेष गिरदावरी करवाकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दे तथा फसल खरीद में नमी संबंधी नियमों में राहत प्रदान करे। किसानों को संकट में अकेला छोड़ना अन्याय होगा।

झोटा संघर्ष एक्शन कमेटी के आह्वान पर झाड़ू फुंककर रोष प्रदर्शन

- अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' हलका बटाला के बड़ी संख्या में सेवादार हुए शामिल

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): नशों के खिलाफ लड़ने वाले जुझारू भाई परमिंदर सिंह झोटा की शहादत का इंसाफ लेने के लिए झोटा संघर्ष एक्शन कमेटी, मानसा की ओर से पंजाब सरकार पर काबिज आम आदमी पार्टी के चुनाव चिन्ह झाड़ू को पंजाब भर के गांवों, कस्बों और शहरों में जलाने का आह्वान किया गया। बटाला में कादियां वाली चुंगी रोड पर अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' के बड़ी संख्या में पहुंचे सेवादारों द्वारा झाड़ू जलाकर रोष प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और परमिंदर सिंह झोटा अमर रहें के नारे लगाए गए। इस मौके पर पृथ्वीपाल सिंह बटाला, कार्यकारिणी कमेटी सदस्य एवं हलका बटाला प्रभारी ने कहा कि पंजाब सरकार और आम आदमी पार्टी पंजाब में नशों को खत्म करने के मुद्दे पर बुरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का 'युद्ध नशों के विरुद्ध' नशा तस्करों के खिलाफ नहीं, बल्कि नशों को रोकने वालों के खिलाफ चलता हुआ साबित हो रहा है। नशों के खिलाफ लड़ने वाले कार्यकर्ताओं को सुरक्षा देने में सरकार बुरी तरह असफल रही है। अनूप सिंह बोपाराय डल्ला, सतिंदरजीत सिंह कंग, खुशकरण सिंह हेयर, जत्थेदार सतनाम सिंह बटाला, जसबीर सिंह काहनूवान रोड, सुखजीत सिंह सहाबपुरा, गुरतेज सिंह हेयर जिला युवा प्रधान, पलविंदर सिंह शुक्रपुरा और जतिंदर सिंह भट्ठी सहित अन्य नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री को अब सरकार का नेतृत्व करने का कोई अधिकार नहीं रह गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में नशे चार गुना बढ़ गए हैं और मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब में जंगलराज चल रहा है। नेताओं ने पंजाब के लोगों से एकजुट होकर नशों के खिलाफ जारी लड़ाई में आगे आने की अपील की।

पंजाब की सभी 117 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी जनता शासन पार्टी: राकेश कुमार राजू

डेली आवाज भारती



जनता शासन पार्टी, पंजाब ने आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर घोषणा की है कि पार्टी प्रदेश की सभी 117 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है। पार्टी के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष श्री राकेश कुमार राजू ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब में जनता शासन पार्टी का यह पहला विधानसभा चुनाव होगा और पार्टी प्रदेशभर में अपने संगठन का विस्तार करते हुए विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी संगठन को मजबूत किया जा रहा है तथा उम्मीदवारों के नाम पार्टी नेतृत्व द्वारा चरणबद्ध तरीके से घोषित किए जाएंगे।

संत बाबा हजारां सिंह जी की याद में आयोजित 38वें गुरमत समागम में रंधावा मेडिकेयर सेंटर ने लगाया दो दिवसीय निःशुल्क मेडिकल कैंप

डेली आवाज भारती



बटाला (अमंदीप संधू)। पूर्ण ब्रह्म ज्ञानी संत बाबा हजारां सिंह जी की पावन याद में आयोजित 38वें गुरमत समागम में लाखों की संख्या में पहुंची संगत को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से रंधावा मेडिकेयर सेंटर, कोटली सूरत मल्हियां की ओर से दो दिवसीय निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप का उद्घाटन गुरुद्वारा तप स्थान के मुख्य सेवादार बाबा तरनजीत सिंह खालसा ने किया। इस अवसर पर कैंप के प्रबंधक डॉ. सुखविंदर सिंह रंधावा ने बताया कि बाबा जी की मधुर स्मृति में पिछले 35 वर्षों से लगातार यह मेडिकल कैंप लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय मेडिकल कैंप के दौरान संगत को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके मन को सुकून मिलता है। उन्होंने इस सेवा कार्य को बाबा जी की अपार कृपा का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि संगत को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कैंप की पूरी मेडिकल टीम ने 24 घंटे तन-मन से सेवा निभाई। इस मेडिकल कैंप में डॉ. दिलप्रीत सिंह रंधावा, डॉ. के.पी. सिंह रंधावा, डॉ. मलकीत सिंह ढिल्लों, डॉ. अवतार सिंह फजलाबाद, डॉ. तरसेम सिंह देड़, डॉ. हरपाल बटालवी, डॉ. पंकज तारागढ़, विशाल प्रीत सिंह डेंटल केयर सेंटर, रणजोध सिंह माहल, डॉ. रघु कोटली, डॉ. सुख साहिब सिंह रायचक, डॉ. जगराज सिंह कोटली, डॉ. हरविंदर सिंह मल्हियां, हाईटेक लैब, डॉ. दिलबाग सिंह डेंटल केयर सेंटर कोटली, डॉ. गुरकीरत सिंह भगवानपुर, डॉ. गुरसेवक सिंह, वीरपाल सिंह, रसीका, जुगराज सिंह खैहरा, सुल्तान, अमन मल्हियां, एकम कोटली, डॉ. रिंकू धारोवाली, तेजबीर, डॉ. तेजबीर कोटली, गुरजोत सिंह खैहरा, गोपी ढेसियां सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जमीन पर कब्जा करने की नीयत से दोषी ने व्यक्ति पर की फायिरंग

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना आरफके की पुलिस ने बीते दिन गांव कमाला बोदला में व्यक्ति की जमीन पर कब्जा करने की नियत से उस पर फायिरंग करने वाले दोषी व्यक्ति के खिलाफ असलाह एक्ट और अन्य धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना आरफके के एएसआई गुरचरन सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सोहण सिंह पुत्र दारा सिंह वासी गांव कामला बोदला ने बताया कि वह बीते दिन अपनी जमीन 27 कनाला 18 मरले गांव कामला बोदला में धान की लगाई फसल काटने के लिए आया तो दोषी जसपाल सिंह पुत्र भगवंत सिंह वासी कमाला बोदला ने उसकी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से उस पर अपनी लाईसेंसी 315 बोर से सिधे फायरिंग की। जिससे पीकित किसी तरह से बच गया। मामले की जांच कर रहे गुरचरन सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषी जसपाल सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

विकसित भारत का सपना साकार करना है तो युवाओं को नशे से बचाना होगा : राज्यपाल

डेली आवाज भारती



एमडीयू में नशा मुक्ति रैली को दिखाई हरी झंडी, प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए नशा मुक्त समाज बनाने का आह्वान चंडीगे । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत ङ्क2047 के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं को नशे से बचाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण से जोड़ना जरूरी है। नशा समाज के लिए गंभीर खतरा है। इससे निपटने के लिए शिक्षक, विद्यार्थी और समाज के सभी वर्ग मिलकर नशामुक्त भारत के निर्माण को जनआंदोलन बनाएं। यह आह्वान हरियाणा के रा'यपाल एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने किया। वे रविवार को एमडीयू रोहतक में एनएसएस सेल द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। रा'यपाल एवं कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी हासिल होगा, जब देश का युवा स्वस्थ, जागरूक और नशे से दूर होगा। युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग देश के विकास में होना चाहिए। इसके लिए नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ना जरूरी है। इस अवसर पर रा'यपाल की धर्मपत्नी एवं हरियाणा की प्रथम महिला श्रीमती मित्रा घोष की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। इस जागरूकता रैली में नेशनल इंटीग्रेशन कैंप में भाग ले रहे आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओर्ो सा, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा आदि नौ रा'यों के 172 श्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवकों ने पारंपरिक परिधानों में शामिल होकर नशे के खिलाफ जागरूकता का सार्थक संदेश दिया। एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नशामुक्त वातावरण को जरूरी बताते हुए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सविता राठी ने स्वागत भाषण में नेशनल इंटीग्रेशन कैंप बारे जानकारी दी। मंच संचालन प्रो. दिव्या मल्हान ने किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा, रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल, श्रीमती राखी बंसल, डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. राजेश पूनिया, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, खेल निदेशक कुलताज सिंह, निदेशक कैंपस फॉरेस्ट्री प्रो. सुरेंद्र यादव, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी, फैकल्टी हाउस इंचार्ज डॉ. संजीव कुमार और एनएसएस उप निदेशक प्रो. अंजू पंवार सहित एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक और उनके प्रभारी उपस्थित रहे।

मन की बातः पीएम मोदी ने गिनाई ब्रेन रिसर्च में भारत की उपलब्धि, आईआईटी मद्रास के सेंटर का किया जिक्र

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को %मन की बात% कार्यक्रम के 139वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विज्ञान, अनुसंधान और मानवता से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर बात की। पीएम मोदी ने बताया, ÷अक्तूबर की शुरुआत में मैं चेन्नई गया था। वहां मेरी मुलाकात देश के कई वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और युवा प्रतिभाओं से हुई। यह देखकर गर्व होता है कि हमारे युवा आज ऐसे विषयों पर काम कर रहे हैं जो पूरी मानवता के भविष्य को बदलने की क्षमता रखते हैं।÷ प्रधानमंत्री ने ब्रेन रिसर्च के क्षेत्र में भारत की बड़ी उपलब्धि का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने आईआईटी मद्रास में सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर का लोकार्पण किया था। पीएम मोदी ने कहा, ÷इस सेंटर ने एक ऐसा ब्रेन इमेजिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया है जो पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए मानव मस्तिष्क की हाई-रिजॉल्यूशन डिजिटल थ्री-डी तस्वीरें तैयार की जा रही हैं। इसका लक्ष्य आने वाले समय में 100 मानव मस्तिष्कों की थ्री-डी मैपिंग कर उनका सूक्ष्म अध्ययन करना है। यह दुनिया में अपनी तरह का पहला मिशन है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए परम शक्ति सुपर कंप्यूटर का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस ब्रेन सेंटर के निर्माण में उद्योग जगत ने सरकार के साथ मिलकर अहम भूमिका निभाई है। आईआईटी के कई पूर्व छात्र और शिक्षाविद इस रिसर्च सेंटर से जुड़े हैं। पीएम मोदी ने इस प्रोजेक्ट के महत्व को समझाते हुए कहा कि विज्ञान ने भले ही कितनी प्रगति कर ली हो लेकिन मानव मस्तिष्क आज भी एक बड़ी पहेली बना हुआ है। अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी कई बीमारियां हैं जिनका अब तक कोई ठोस इलाज नहीं मिल पाया है। विज्ञान मानव मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को जितनी गहराई से समझेगा और भविष्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उतने ही नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 100 मानव मस्तिष्कों से जुड़ा यह डेटा भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में शोध के लिए ओपन सोर्स के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा ताकि दुनियाभर के वैज्ञानिक इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह के एडवांस रिसर्च में अंगदान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। जो लोग जीवन के बाद अपने अंगों का दान करते हैं, वे न केवल कई लोगों की जान बचाते हैं बल्कि वैज्ञानिक अनुसंधान को भी आगे बढ़ाते हैं। इसका उदाहरण देते हुए पीएम मोदी ने मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम की शिवानी का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ÷शिवानी एक सड़क हादसे का शिकार हो गई थीं। उनके परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा था लेकिन इस कठिन समय में भी परिवार ने एक प्रेरणादायक फैसला लिया। उन्होंने शिवानी के अंगदान का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिवानी के परिवार के इस फैसले ने पूरे समाज और देश को एक बड़ा संदेश दिया है। मानवता की दिशा में उठाया गया एक छोटा कदम किसी दूसरे परिवार की खुशियां लौटा सकता है।

10.24 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ थाना जीरा एवं थाना मक्खू में एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर, सिटी एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1.24 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। पुलिस ने उक्त मामलों में गिरफ्तार किए दोषियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी जीरा के इंस्पैक्टर जसविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गुरप्रीत सिंह पुत्र भगवान सिंह वासी न्यू जोड़ीयां चक्कीयां मुहल्ला हरनामपुरा कोटकपुरा व गुरदेव सिंह उर्फ बेला पुत्र सुच्चा सिंह वासी मल्होके रोड टिब्बा बस्ती जीरा को को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 1 लाईटर व 10 रुपए का नोट और थाना सदर जीरा के इंस्पैक्टर कश्मीर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव कस्सोआना के नजदीक मिली सूचना के अधार पर हरप्रीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह वासी गांव वाड़ा पोहविंडियां, गुरविन्द्र सिंह उर्फ लभी पुत्र जगतार सिंह वासी गांव मरखाई, ब ब्बल सिंह पुत्र बोहड़ सिंह वासी खोसा दल सिंह वाला, सतिन्द्र सिंह उर्फ दिलप्रीत सिंह पुत्र भुटा सिंह वासी गांव मलसीयां कला, गुरविन्द्र सिंह पुत्र गुरदेव सिंह वासी गांव मलसीयां खुर्द और गगनदीप सिंह पुत्र लाभ सिंह वासी मलसीयां खुर्द को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 6 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि एक अन्य मामले में थाना मक्खू के एएसआई जगदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान स्टेडीयम के नजदीक से रणजीत सिंह उर्फ राणा पुत्र बख्शीश सिंह वासी वार्ड नंबर 13 मिशन बस्ती मक्खू, अजैब सिंह पुत्र बलवीर सिंह वासी बहक फत्तू जीरा, विशाल पुत्र गोगा वासी वार्ड नंबर 11 अशोके वाली गली मक्खू और रविन्द्र सिंह उर्फ गगु पुत्र कुलदीप सिंह वासी गांव सूदां मक्खू को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4.24 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त सभी दोषियों के खिलाफ मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

गांव कास्तीवाल में विशाल मसीही समागम का आयोजन

प्रभु यीशु मसीह की शिक्षाओं पर चलने का दिया संदेश

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): गांव कास्तीवाल, अलीवाल रोड, बटाला में आयोजक नरेंद्र पाल, कमल कुमार, बबलू नाहर और रघबीर सिंह के नेतृत्व में विशाल मसीही समागम श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस समागम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बीमार लोगों के अच्छे स्वास्थ्य, पंजाब तथा देश की खुशहाली और समाज में शांति एवं भाईचारे की मजबूती के लिए प्रार्थना की।

समागम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष जतिंदर मसीह गौरव और विधानसभा क्षेत्र फतेहगढ़ चूड़ियां से आम आदमी पार्टी के प्रभारी जोबन रंधावा ने विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य प्रचारक पवन कुमार यहोशुआ और वैश्विक ईसाई कार्यवाही समिति के जिला अध्यक्ष रमन मट्टू भी मौजूद रहे। समागम के दौरान मुख्य प्रचारक पवन कुमार यहोशुआ ने प्रभु यीशु मसीह की शिक्षाओं का संदेश देते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने समस्त मानवता को प्रेम, शांति, दया, क्षमा और सेवा का मार्ग दिखाया है। उनकी शिक्षाएं हमें सिखाती हैं कि बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों से प्रेम करना चाहिए और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य की असली पहचान उसके अच्छे कर्मों, विनम्र स्वभाव और दूसरों के प्रति दया की भावना से होती है। पवन कुमार यहोशुआ ने कहा कि प्रार्थना के साथ-साथ अपने जीवन में प्रभु यीशु मसीह की शिक्षाओं को अपनाना भी बेहद जरूरी है। हमें अपने मन से नफरत, ईर्ष्या और भेदभाव को दूर करके दूसरों के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित किया कि वे अपने परिवारों और समाज में शांति, एकता और सद्भाव बनाए रखने में योगदान दें। उन्होंने पंजाब और पूरे देश की खुशहाली, आपसी भाईचारे की मजबूती तथा बीमार लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए विशेष प्रार्थना भी की। इस अवसर पर पंजाब अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष जतिंदर मसीह गौरव ने कहा कि सभी लोगों को प्रभु यीशु मसीह की शिक्षाओं पर चलना चाहिए। प्रभु यीशु मसीह ने मानवता, प्रेम, क्षमा, सेवा और जरूरतमंदों की सहायता करने का संदेश दिया है। यदि लोग इन शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं, तो समाज में नफरत और भेदभाव को कम करके आपसी सद्भाव और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह का संदेश समस्त मानवता के लिए है और सभी को एक-दूसरे का सम्मान करते हुए मिल-जुलकर रहना चाहिए। जतिंदर मसीह गौरव ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा मसीही समुदाय की भावनाओं और धार्मिक पहचान से जुड़े मुद्दों को महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में मसीही समुदाय के लिए चौकों के निर्माण और उनके नामकरण से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी मसीही समुदाय की जायज मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

CMYK

page 3_Layout 1 25-10-2026 21:32 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ सोमवार, 26 अक्तूबर 2026

अलीशेर हादसे के पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल, दुख साझा किया और घायलों का हाल जाना

- पीड़ित परिवारों के पुनर्वास और बच्चों का भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव मदद की जाएगी: बरिंदर कुमार गोयल

मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता,बेघर और जरूरतमंद परिवारों को 5-5 मरले के प्लॉट उपलब्ध करवाने के प्रयास

डेली आवाज भारती



लहरागागा/मोहिंदर सिंह। पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने गांव अलीशेर के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों और घायलों के घर जाकर उनके परिवारों के साथ दुख साझा किया। उन्होंने घर-घर जाकर घायलों का हालचाल पूछा और परिवारों को भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई थी और करीब 12 लोग घायल हुए थे। कैबिनेट मंत्री ने पीड़ित परिवारों से बातचीत कर उनकी मुश्किलों और जरूरतों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि परिवारों को इस सदमे से उबरने और उनके पुनर्वास के लिए सरकार की ओर से हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि यह हादसा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दिल दहला देने वाला था। उन्होंने कहा कि अपने परिवार के सदस्यों को खोने वाले परिवारों के दुख को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। दिवंगत लोगों की कमी कभी पूरी नहीं हो सकती, लेकिन प्रभावित परिवारों को सहारा देना और उनकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में मदद करना सरकार और समाज की साझा जिम्मेदारी है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके साथ ही बेघर और जरूरतमंद पीड़ित परिवारों को 5-5 मरले के प्लॉट उपलब्ध करवाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि घायलों को जरूरी इलाज और उचित सहायता उपलब्ध करवाना भी सरकार की प्राथमिकता है। बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि पीड़ित परिवारों की मदद केवल तत्काल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं रखी जाएगी। उनके स्थायी पुनर्वास, आजीविका और बच्चों के पालन-पोषण से जुड़ी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों के साथ तालमेल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वन विभाग और अन्य विभागों में रोजगार या नौकरी की संभावनाओं के संबंध में नियमों और पात्रता के अनुसार कार्रवाई के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रभावित परिवारों के आवेदनों और जरूरी दस्तावेजों से संबंधित कार्रवाई समय पर पूरी की जाए। कैबिनेट मंत्री ने गांव वासियों, पड़ोसियों और स्थानीय समितियों द्वारा पीड़ित परिवारों की की जा रही मदद की सराहना की। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों का एकजुट होकर परिवारों की सुध लेना और अंतिम संस्कार के बाद होने वाले भोग समागमों के प्रबंध सामूहिक रूप से करना पंजाब की आपसी भाईचारे और एक-दूसरे के दुख में शामिल होने की परंपरा को दर्शाता है।

पंजाब चुनाव 2027:

नए सर्वे में कांग्रेस और आप के बीच मुकाबले के संकेत, अन्य दल भी सक्रिय

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। हाल ही में सामने आए एक ओपिनियन सर्वे को लेकर राज्य की सियासत में चर्चा शुरू हो गई है। सर्वे में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच मुकाबले के संकेत दिए गए हैं, जबकि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार, सर्वे में कांग्रेस को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में दिखाया गया है, लेकिन उसे स्पष्ट बहुमत मिलता नजर नहीं आ रहा। वहीं, आम आदमी पार्टी को कांग्रेस के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के रूप में पेश किया गया है। शिरोमणि अकाली दल और भाजपा भी अपने राजनीतिक आधार को मजबूत करने की कोशिश में जुटे हैं। गठबंधन की संभावनाओं को लेकर भी राजनीतिक चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, सर्वे के नमूने, सर्वेक्षण की तारीख और सीटों के अनुमान से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध न होने के कारण इसके निष्कर्षों को अंतिम चुनावी तस्वीर नहीं माना जा सकता। चुनाव में विभिन्न दलों का प्रदर्शन उनके उम्मीदवारों, गठबंधनों और चुनावी मुद्दों पर निर्भर करेगा।

80 प्रतिशत खेतों तक नहरी पानी पहुंचाने का पंजाब सरकार का दावा, 6 हजार किलोमीटर अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाने की योजना

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में सिंचाई व्यवस्था को लेकर दावा किया है कि सरकार ने करीब 14 हजार किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाकर लगभग 80 प्रतिशत खेतों तक नहरी पानी पहुंचाया है। सरकार के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना और कृषि क्षेत्र में भूजल पर निर्भरता कम करना है। मुख्यमंत्री के हवाले से प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भाखड़ा नहर के समानांतर 18 हजार क्यूसेक पानी खेतों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। सरकार का दावा है कि नहरी पानी की उपलब्धता से किसानों को लाभ मिला है और धान की पैदावार में भी बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों के लोग लंबे समय से नहरी पानी का इंतजार कर रहे।

पंजाब सरकार द्वारा मंडियों में सरकारी बोली बंद करने का लोक हित मिशन ने किया विरोध

ब्लाक माजरी/ संदीप अकालगढ़िया : पंजाब सरकार ने यदि मंडियों में सरकारी बोली बंद करने का फैसला वापस नहीं लिया, तो लोक हित मिशन की ओर से इसका पूर्ण रूप से विरोध किया जाएगा। इस संबंध में मिशन के नेता रविंदर सिंह बजीदपुर, दर्शन सिंह खेड़ा, कुलवंत सिंह संगतपुरा, बलविंदर सिंह रंगूआणा, सरबजीत सिंह संगतपुरा और राजिंदर सिंह छोटा ने जारी बयान में कहा कि पंजाब सरकार द्वारा मंडियों में सरकारी बोली बंद करने का फैसला गलत है। उन्होंने इसका विरोध करते हुए कहा कि अभी भी बहुत से किसानों की धान की फसल खेतों में खड़ी है। ऐसे में बोली बंद होने से किसानों के सामने बड़ी समस्या पैदा हो जाएगी।

बीजेपी नेता दीपक शर्मा हलका गुरुहरसहाय में पार्टी को मजबूत करने को कर रहे है दिन-रात एक

डेली आवाज भारती



गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): साल 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर पंजाब की राजनीति में हलचल तेज होने के साथ-साथ गुरुहरसहाय हलके में भी संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। इसी बीच भाजपा नेता दीपक शर्मा की लगातार सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों ने उन्हें हलके की राजनीतिक चर्चा के केंद्र में ला दिया है। हलके में हो रही राजनीतिक चर्चाओं के दौरान एक बात खास तौर पर सामने आ रही है कि इस बार पारंपरिक राजनीति के साथ-साथ युवा चेहरों को भी आगे आने का मौका मिलना चाहिए। इन चर्चाओं में दीपक शर्मा का नाम भी लगातार लिया जा रहा है। दीपक शर्मा द्वारा पिछले समय के दौरान सामाजिक समारोहों में भागीदारी, लोगों के सुख-दुख में हाजिरी, स्थानीय समस्याओं को उठाने और विभिन्न सार्वजनिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के कारण उनके समर्थकों द्वारा उन्हें युवा आवाज के रूप में पेश किया जा रहा है। दीपक शर्मा के समर्थकों द्वारा भाजपा हाईकमान से भी मांग की जा रही है कि 2027 के लिए गुरुहरसहाय हलके में युवा चेहरों को उचित प्रतिनिधित्व देने पर विचार किया जाए। दूसरी ओर गुरुहरसहाय में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा अपनी-अपनी स्तर पर गतिविधियां तेज की जा रही हैं। हलके के विकास, युवाओं के लिए रोजगार, नशे की समस्या, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा, सडे ों और सीवरेज जैसे मुद्दे आने वाली चुनावी चर्चाओं में अहम रहने की संभावना है। इस पूरे राजनीतिक माहौल में दीपक शर्मा की बढ़ती गतिविधियों और उनके नाम को लेकर हो रही चर्चा ने गुरुहरसहाय की राजनीति में एक नया राजनीतिक कोण जरूर जोड़ दिया है। अब आने वाला समय ही बताएगा कि भाजपा द्वारा 2027 के चुनाव को लेकर हलके में किस चेहरे को आगे लाया जाता है।

अकाली दल वारिस पंजाब की ओर से माजरी ब्लॉक में झाड़ू जलाकर किया गया प्रदर्शन

डेली आवाज भारती



लाक माजरी/संदीप अकालगढ़िया,हरतेज तेजी। अकाली दल वारिस पंजाब के खरड़ हलके की जत्थेबंदी ने झोटा संघर्ष कमेटी मानसा के आह्वान पर माजरी ब्लॉक में झाड़ू जलाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने नारेबाजी करते हुए पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन में पहुंचे पार्टी के प्रदेश नेता जसकरन सिंह काहन सिंह वाला, प्रगट सिंह जल्लूखेड़ा, बीबी मनजीत कौर तरनतारन, हरजिंदर सिंह मुंधों, शिवचरण सिंह भंगू, गुरमीत सिंह साटू, हरजिंदर सिंह देसू माजरा, रविंदर सिंह बजीदपुर और भगत सिंह भगतमाजरा सहित अन्य नेताओं ने कहा कि पंजाब में नशे के खिलाफ वारिस पंजाब द्वारा शुरू किया गया अभियान झोटा हत्याकांड के बाद पूरे पंजाब की आवाज बन चुका है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या के लिए आम आदमी पार्टी की मौजूदा सरकार के मुख्यमंत्री सहित कांग्रेस और अकाली दल के नेता भी जिम्मेदार हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि इन नेताओं को अब राजनीति में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने प्रत्येक पंजाबी से नशे के खिलाफ जागरूक होने और इस लड़ाई में एकजुट होकर आगे आने की अपील की। इस मौके पर कुलवंत सिंह संगतपुरा, सुरिंदर सिंह छिंदा सियामीपुर, बलविंदर सिंह रंगूआणा और जसवीर सिंह लाला सलेमपुर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

हरसिमरत कौर बादल 28 अक्टूबर को खरड़ पहुंचेंगी, नशे के खिलाफ माताओं की आवाज करेंगी बुलंद: रुपिंदर कौर धीमान

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं बठिंडा से मौजूदा सांसद बीबी हरसिमरत कौर बादल 28 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र खरड़ पहुंचेंगी। वह पंजाब में नशे के कारोबार को खत्म करने के उद्देश्य से चलाई जा रही मुहिम 'मावां धीयां दी ललकार, बंद करवावांगे नशे दा व्यापार' के तहत आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। यह कार्यक्रम बुधवार, 28 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे अरिस्टा होटल के सामने, न्यू सनी एन्क्लेव, एयरपोर्ट रोड, खरड़ में आयोजित किया जाएगा। शिरोमणि अकाली दल के स्त्री विंग की हलका खरड़ अध्यक्ष बीबी रुपिंदर कौर धीमान ने क्षेत्र की सभी माताओं, बहनों और बेटियों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पंजाब को नशामुक्त बनाने की मुहिम को मजबूत करें। रुपिंदर कौर धीमान ने कहा कि यह पंजाब की माताओं और बेटियों की ललकार है, क्योंकि नशे के कारण आए दिन परिवार उजड़ रहे हैं और अनेक माताओं को अपने जवान बेटों को खोने का दुख सहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब में नशे की समस्या ने गंभीर रूप धारण कर लिया है, जिसके चलते युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। ऐसे हालात में महिलाओं को एकजुट होकर नशे के कारोबार के खिलाफ आवाज बुलंद करनी होगी। उन्होंने खरड़ की महिलाओं से अपील की कि वे घरों से बाहर निकलकर इस मुहिम का हिस्सा बनें और पंजाब की जवानी को बचाने के लिए अपना योगदान दें। आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए रुपिंदर कौर धीमान ने आरोप लगाया कि सरकार पंजाब की जवानी को नशे से बचाने में नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पहले पंजाब से नशा खत्म करने का वादा किया था, लेकिन आज भी गांवों और शहरों में नशे की समस्या बनी हुई है। नशे के कारण परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है और कई घरों के चिराग बुझ चुके हैं। उन्होंने कहा कि केवल घोषणाएं करने से नशे की समस्या खत्म नहीं होगी।

परमिंदर सिंह गोल्डी ने फुटबॉल खिलाड़ियों को बांटी खेल किटें, युवाओं को खेलों के प्रति किया प्रेरित

डेली आवाज भारती



कुराली। संदीप अकालगढ़िया। पंजाब सरकार की ओर से खेलों को प्रोत्साहित करने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत खालसा वॉरियर फुटबॉल विंग के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत खालसा स्कूल कुराली में अंडर-14 और अंडर-17 वर्ग के फुटबॉल खिलाड़ियों को खेल किटें वितरित की गईं। ये किटें हलका खरड़ के इंचार्ज एवं पंजाब यूथ विकास बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी की ओर से खिलाड़ियों को दी गई। इन खेल किटों में ट्रैक सूट, फुटबॉल खेलने के लिए स्टड्स और अन्य आवश्यक खेल सामग्री शामिल है। इस अवसर पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। खिलाड़ियों को खेल किटें उपलब्ध करवाने का मुख्य उद्देश्य उन्हें जरूरी सुविधाएं प्रदान करना और उनका मनोबल बढ़ाना है, ताकि वे पूरी लगन, मेहनत और उत्साह के साथ अपनी खेल प्रतिभा को निखार सकें तथा भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि फुटबॉल जैसी खेलें युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आपसी सहयोग और शारीरिक तंदुरुस्ती की भावना विकसित करती हैं। खेलों में भाग लेने से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है और वे सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर खिलाड़ी अपने माता-पिता, स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। इस मौके पर जिला फुटबॉल कोच गुरजीत सिंह, फुटबॉल कोच धर्मिंदर सिंह धम्मा, स्कूल के प्रिंसिपल कंवलजीत सिंह, डीपी वरिंदर सिंह, हलका संगठन इंचार्ज गुरशरण सिंह, रवि धीमान, सोनी धीमान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, कोच और खिलाड़ी उपस्थित थे।

17 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाले सामान सहित तीन गिरफ्तार

- एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत पुलिस ने दोषियों पर दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना लक्खोके बहराम एवं थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 17 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना लक्खोके बहराम के एएसआई महिन्द्र सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर जसपाल सिंह उर्फ जस्सा पुत्र गुरमुख सिंह व शिंद्रपाल सिंह पुत्र हरजिन्द्र सिंह वासी लक्खोके बहराम को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन, 10 रुपए का नोट, सिल्वर पन्नी, लाईटर बरामद किया है। दूसरे मामले में थाना गुरुहरसहाय के एस.आई ईशर सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर लिंक रोड झावला के बंद पड़े शैलर से गुरप्रीत सिंह पुत्र दलीप सिंह वासी मोजम जिला फाजिल्का को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

बुजुर्गों की बुद्धिमत्ता, बलिदान और जीवन अनुभवों को समर्पित पुस्तक 'सरमाया-हमारे बुजुर्ग' के कवर का फिरोजपुर में हुआ अनावरण

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर में बुजुर्गों की बुद्धिमत्ता, बलिदान और जीवन अनुभवों को समर्पित पुस्तक 'सरमाया-हमारे बुजुर्ग' का अनावरण करते हुए गणमांय व प्रबंधक।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): बुजुर्गों की बुद्धिमत्ता और विरासत को समर्पित आगामी पुस्तक 'सरमाया-हमारे बुजुर्ग' के कवर का शनिवार शाम फिरोजपुर में अनावरण किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर डा.एस.एन रुद्रा ने बताया कि पुस्तक के कवर का अनावरण प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं डीसीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स की डायरेक्टर कांता गुप्ता तथा विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल एवं विवेकानंद जूनियर की पैट्रन-इन-चीफ प्रभा भास्कर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह कार्यक्रम बारबाडोस में प्रभा भास्कर के 79वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान संपन्न हुआ। इस अवसर पर लखबीर सिंह पीपीएस, जसविंदर कौर, वरिंदर मोहन सिंगला सीए एवं चेयरमैन जेनेसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च, मीनाक्षी सिंगला, संजना मित्तल, नविता सिंगला, गगनदीप सिंगला, सीए, प्रफुल्ल देवी, झलकेश्वर भास्कर, प्रतिभा भास्कर, डॉली भास्कर तथा प्रो.गुरतेज कोहारवाला ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल के चेयरमैन डा. गौरव सागर भास्कर द्वारा लिखित यह पुस्तक उनके वास्तविक जीवन के अनुभवों पर आधारित है, जिसमें उनके परिवार द्वारा सामना की गई कठिनाइयों, संघर्षों और बाधाओं का वर्णन किया गया है। इन व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से पुस्तक उन बलिदानों, साहस और जीवन की सीखों को उजागर करती है, जो पारिवारिक मूल्यों को मजबूत बनाती हैं तथा आने वाली पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करती हैं। डा.रुद्रा ने बुजुर्गों के जीवन अनुभवों और उनके योगदान को लिखित रूप में संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और पीढ़ी के बीच बढ़ती दूरियों के कारण पारिवारिक रिश्ते कमजोर हो सकते हैं। ऐसी साहित्यिक रचनाएं युवा पीढ़ी को पिछली पीढ़ी के संघर्षों और बलिदानों को समझने के साथ-साथ उन मूल्यों का महत्व जानने में सहायता करती हैं, जो परिवार और समाज को एकजुट बनाए रखते हैं। प्रो. गुरतेज कोहारवाला ने व्यक्तिगत अनुभवों और जीवन यात्रा को लिखित रूप में दर्ज करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वास्तविक जीवन के संघर्षों से प्राप्त सीख दूसरों को अपनी चुनौतियों का सामना करने के लिए सही मार्ग दिखा सकती है।

महिन्द्रा पिकअप गाड़ी चालक ने आर्मी के ट्रक को लापरवाही से मारी टक्कर

- ट्रक ड्राईवर आर्मी कर्मचारी बुरी तरह से जख्मी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना कुलगड़ी की पुलिस ने बीते दिन गांव रुकना मुंगला नहर के पास आर्मी ट्रक और महिन्द्रा पिकअप गाड़ी में हुई टक्कर के मामलें में घटना में घायल हुई आर्मी के कर्मचारी के बयान पर दोषी महिन्द्रा पिकअप गाड़ी चालक पर विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना कुलगड़ी के एएसआई मलकीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता नायक एमटी अक्षय कुमार ड्यूटी आर्मी नंबर 14878769एम ने बताया कि वह बीती रात को अपने साथी कर्मचारियों के साथ आर्मी के ट्रक नंर 16डी-202904एक्स पर फिरोजपुर छावनी से फरीदकोट जा रहा था और ट्रक वह खुद चला रहा था। पीड़ित ने बताया कि गांव रुकना मुंगला नहर के नजदीक फरीदकोट साईड से आ रही महिन्द्रा पिकअप गाड़ी नंबर पीबी-22वाई-9628 के अज्ञात ड्राईवर ने लापरवाही से ड्राईवर साईड पर ट्रक को टक्कर मार दी। जिससे उसके एक टांग एवं गुटने पर गंभीर चोटे लगी है और उसे उसके साथियों ने आर्मी के अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल करवाया है। मामलें की जांच कर रहे मलकीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने महिन्द्रा पिकअप गाड़ी को कब्जे में लेकर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

page 4_Layout 1 25-10-2026 21:19 Page 1

100 साल पुराने मंदिर को साजिश के तहत निशाना बनाया गया और उसे अपवित्र करने की कोशिश की गई

श्री सत्य नारायण मंदिर की हुई बेअदबी का मामला गर्माया

डेली आवाज भारती

अमृतसर। प्राचीन श्री सत्य नारायण मंदिर के निर्माणाधीन गेट को तोड़ने के मामले में उस समय नया मोड़ आ गया जब समाज सेवी वरिंदर सहदेव ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी हैं कि अगर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज न किया तो वह शहर के हिंदू संगठनों को लेकर रोड जमकर रोष प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। स्थानीय लाहौरी गेट स्थित श्री सत्य नारायण मंदिर के बाहर वरिंदर सहदेव ने पत्रकार से बातचीत करते कथित पड़ोसी दुकानदार पर आरोप लगाते बताया कि 100 साल पुराने प्राचीन मंदिर को साजिश के तहत निशाना बनाकर मंदिर की मर्यादा को भंग किया गया है। वरिंदर सहदेव ने बताया कि बीती 23 अक्टूबर की देर-रात कथित नकाबपोश व्यक्ति ट्रॉली में जिन्होंने मंदिर का गेट तोड़ने



की कोशिश की और मंदिर के पुजारी को निर्माण कार्य रोकने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि श्री सत्यनारायण मंदिर शहर का प्राचीन मंदिर होने के साथ-साथ हिंदुओं का महान स्थान है मंदिर की छत्ते खस्ता हाल होने के कारण छत बदलने का काम शुरू किया गया था और कार सेवा का काम चल रहा था लेकिन उनके कथित पड़ोसियों से यह बर्दाश्त नहीं हुआ और उनकी ओर से एक सोची-समझी साजिश के तहत हमला करवा दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने मंदिर का गेट लगाया और दीवार बनाई, तो कथित लोगों ने रात को 10-12 नकाबपोश व्यक्ति ट्रॉली में लाकर मंदिर की बेअदबी करने की कोशिश की। दीवार को तोड़ कर गेट को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।अगर पंडित जी समय पर न उठते, तो हो सकता है वे हमारी मूर्तियों को भी नुकसान पहुँचा जाते। अगर पुलिस प्रशासन ने कोई सख्त एक्शन नहीं लिया तो हम शहर व पूरे पंजाब के पूरे हिंदू समाज को इकट्ठा करके सड़कें जाम करेंगे और धरने पर बैठेंगे। हम मंदिर की बेअदबी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के प्रधान विवेक सागर सग्गू, सचिव राज कुमार चड्ढा, मिंटू शर्मा, कुलदीप भाटिया, सुखविंदर कुमार, राजू कालरा, एडवोकेट मुकेश वर्मा, अनिल शर्मा, भोला भाटिया आदि उपस्थित थे।

क्या कहना है पुलिस अधिकारी का

श्री सत्य नारायण मंदिर के मामले में थाना डी डिवीजन प्रभारी बलजिंदर सिंह औलख से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि हमें रात 112 नंबर से कंप्लेंट मिली थी जिसे हम वेरीफाई कर रहे हैं मंदिर की जो बाहर के हिस्से की बिल्डिंग हैं जिसे इन्होंने कुछ किराएदारों को दी हुई है। मंदिर की बिल्डिंग की हालत खस्ता होने के कारण इन्हें कॉर्पोरेशन की तरफ से नोटिस आया था कि इस बिल्डिंग को डिमोलिश करके दोबारा नक्शा लेकर बनाया जाए और जो दुकानों का एरिया है उसको तोड़कर इनकी उसारी चल रही हैं और जो इन्होंने गेट लगाया था और उस गेट के आगे जो दीवार थी रात कुछ अज्ञात व्यक्तिय आए जिन्होंने मंदिर के कैमरे तोड़कर गेट के आगे जो दीवार थी उसको तोड़ा गया जिसे हम वेरीफाई कर रहे हैं जो भी तथ्य सामने आएंगे उस अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

शरद पूर्णिमा पर कैलाश धाम में औषधीय खीर का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे श्रद्धालु, भजन-कीर्तन और अटूट लंगर का हुआ आयोजन

डेली आवाज भारती

कुराली। संदीप अकालगढ़ियाः शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर कुराली के नदी पार स्थित कैलाश धाम में स्वामी जी महाराज की कुटिया में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशेष औषधीय खीर तैयार की गई। इस अवसर पर विभिन्न शहरों और गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और श्रद्धापूर्वक खीर का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा भजन-कीर्तन किया गया, जिससे पूरा कैलाश धाम भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं के लिए गुरु का अटूट लंगर भी लगाया गया तथा उनके बैठने और ठहरने के उचित प्रबंध किए गए। शरद पूर्णिमा के अवसर पर कैलाश धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने स्वामी जी महाराज की कुटिया में पहुंचकर श्रद्धा भाव से औषधीय खीर का प्रसाद ग्रहण किया। इस विशेष खीर को धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चंद्रमा की रोशनी में पूरी रात रखा जाता



है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि चंद्रमा की किरणों में रखने से खीर का विशेष महत्व बढ़ जाता है। इसी आस्था के चलते हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। श्रद्धालुओं के अनुसार, इस औषधीय खीर को एलर्जी, नजला, दमा, अस्थमा और सांस से संबंधित अन्य समस्याओं में लाभकारी माना जाता है। इसी विश्वास के चलते विभिन्न क्षेत्रों से लोग यहां पहुंचते हैं। हालांकि, इन बीमारियों के उपचार में खीर की प्रभावशीलता के वैज्ञानिक प्रमाण आवश्यक हैं और इसे चिकित्सकीय उपचार का विकल्प नहीं माना जाना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा धार्मिक भजनों और कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन मंडलियों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को निहाल किया। कीर्तन के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन नजर आए और पूरे परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। इसके साथ ही गुरु का अटूट लंगर भी लगाया गया, जिसमें विभिन्न गांवों और शहरों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने और ठहरने के विशेष प्रबंध किए गए थे, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। समूचे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। शरद पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर कैलाश धाम में धार्मिक श्रद्धा, भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण और सेवा भावना का सुंदर संगम देखने को मिला। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने औषधीय खीर का प्रसाद ग्रहण किया, कीर्तन का आनंद लिया और गुरु का लंगर छककर इस धार्मिक आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई।

भजनों की गूंज से भक्तिमय हुआ सिमरन अपार्टमेंट पार्क

शिव शक्ति कीर्तन मंडली ने कराया धार्मिक आयोजन, दोपहर 3:30 से शाम 7 बजे तक चला कीर्तन; श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : के सिमरन अपार्टमेंट पार्क में 25 अक्टूबर को शिव शक्ति कीर्तन मंडली की ओर से भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जय मां कीर्तन मंडली, मोहाली के सदस्यों ने भक्ति गीतों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। भजनों और कीर्तन के बीच श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रवासियों को धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया। कीर्तन के दौरान भगवान की महिमा का गुणगान किया गया और श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन का आनंद लिया। आयोजन में भक्तिमय माहौल के



बीच श्रद्धालुओं ने प्रभु का स्मरण किया और सुख-शांति की कामना की। आयोजकों के अनुसार, भजन-कीर्तन दोपहर 3:30 बजे शुरू हुआ और शाम 7 बजे तक चला। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक आयोजन के माध्यम से आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देने का प्रयास भी किया गया। शिव शक्ति कीर्तन मंडली की ओर से क्षेत्रवासियों को कार्यक्रम में शामिल होने और भजन-कीर्तन के माध्यम से प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया गया। इस तरह के धार्मिक आयोजन लोगों को अपनी संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



गांव नारायणगढ़ झुंगियां में मुफ्त स्वास्थ्य एवं दंत जांच शिविर आयोजित

शिविर के दौरान 137 मरीजों की जांच और 113 लोगों के बने हेल्थ कार्ड

डेली आवाज भारती

जीरकपुरः तरनप्रीत सिंह गिल : जीरकपुर के नजदीकी गांव नारायणगढ़ झुंगियां में जनसेवा को समर्पित एक विशाल मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर ने क्षेत्रवासियों को उनके घर तक उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं और जागरूकता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह शिविर आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रदेश महासचिव एवं पंजाब जल सप्लाई व सीवरेज बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सन्नी सिंह अहलूवालिया के नेतृत्व में लगाया गया। शिविर के दौरान कुल 137 मरीजों की शारीरिक जांच की गई। मरीजों को उनकी बीमारियों के अनुसार मुफ्त दवाइयां बांटी गई और



जीवनशैली में सुधार के लिए उचित चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। शिविर में दंत रोगों की विशेष जांच के लिए डॉक्टरों की टीम मौजूद थी, जिसके तहत मरीजों की स्केलिंग, फिलिंग और दांत निकालने जैसी सुविधाओं के साथ-साथ मुंह की बीमारियों का मुफ्त इलाज किया गया। इससे स्थानीय लोगों को महंगे क्लिनिकों के खर्च से बड़ी राहत मिली। इसके अलावा, %मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना% के तहत 113 पात्र लोगों के हेल्थ कार्ड मौके पर ही तैयार किए गए। ये कार्ड धारकों को सरकारी और चयनित निजी अस्पतालों में 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करेंगे। डॉ. अहलूवालिया ने बताया कि यह योजना जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. अहलूवालिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार का मुख्य लक्ष्य हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। ÷कोई भी व्यक्ति पैसे की कमी के कारण इलाज से वंचित न रहे÷—इस संकल्प को पूरा करने के लिए क्षेत्र में ऐसे शिविर निरंतर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और जागरूकता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। अंत में डॉ. अहलूवालिया ने ग्रामीणों का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसी समाज कल्याण सेवाएं लगातार जारी रखी जाएंगी।

आईपीएस अधिकारी बन रौब झाड़ता था होमगार्ड जवान

सीसीटीवी में कैद हुआ सब, मामला कर देगा हैरान

दोराहा। दोराहा में पंजाब होमगार्ड के एक जवान द्वारा कथित तौर पर फर्जी आईपीएस अधिकारी बनकर लोगों पर रौब झाड़ने और ढाबा कर्मचारियों को धमकाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जवान आईपीएस अधिकारी की वर्दी पहनकर बुलेट मोटरसाइकिल पर जी.टी. रोड स्थित 3 जे ढाबे पर पहुंचा और देर रात तक ढाबा खुला रखने को लेकर कर्मचारियों से विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और उसने कथित तौर पर कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज तथा मारपीट की। घटना के बाद ढाबा परिसर में लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद आरोपी वहां से चला गया। मामले की सूचना मिलने पर एसएसपी खन्ना ने घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस ने ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की, जिसके आधार पर संदिग्ध की पहचान गांव चोमो निवासी अमरजीत सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से आईपीएस अधिकारी की वर्दी भी बरामद किए जाने की जानकारी दी है।

झपटमारों के आगे बेबस हुई पुलिस!

जीरकपुर में 11 दिनों में झपटमारी की 5 वारदातें

हिमाचल की महिला एएसआई की चेन भी झपटी, मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने वारदात को दिया अंजाम

डेली आवाज भारती

जीरकपुरः तरनप्रीत सिंह गिल : शहर में बाइक सवार झपटमारों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। महिलाएं घर से बाहर निकलते समय भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। पिछले 11 दिनों के भीतर शहर के विभिन्न इलाकों में महिलाओं के गले और कानों से सोने की चेन व बालियां झपटने की पांच वारदातें सामने आ चुकी हैं। लगातार हो रही झपटमारी की घटनाओं ने जीरकपुर पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। ताजा मामले में पेटा होम्स के बाहर हिमाचल प्रदेश पुलिस में तैनात एक महिला सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) के गले से सोने की चेन झपट ली गई। वारदात को बाइक सवार

पहले हुई झपटमारी की चार वारदातें

मंदिर से लौट रही बुजुर्ग की बाली झपटी : हरमिलाप रेलवे फाटक के पास सैनी विहार फेज-3 में शाम लगभग 6:30 बजे पोती के साथ घर लौट रही 60 वर्षीय पवित्रा नेगी के कान से बाइक सवार ने सोने की बाली झपट ली। पीड़िता के अनुसार बाली की कीमत लगभग 70 हजार रुपये थी।

एटीएम जा रही महिला को बनाया निशाना : शाम लगभग 6:40 बजे सैनी विहार फेज-3 की एक महिला एसबीआई एटीएम की ओर जा रही थी। पीछे से आए बाइक सवार ने उसके दाहिने कान से लगभग 7 ग्राम की सोने की बाली झपटी और रविंद्रा एन्क्लेव की ओर फरार हो गया।

रास्ता पूछने के बहाने बालियां छीनीं : लोहगढ़ रोड स्थित गोल्डन एन्क्लेव में सुबह लगभग 10:30 बजे दूध लेने निकली 73 वर्षीय महिला से सिल्वर एक्टिवा सवार युवक ने रास्ता पूछा। जैसे ही महिला रास्ता बताने लगी, आरोपी कानों से बालियां छीनकर फरार हो गया।

बच्ची के साथ लौट रही महिला की बाली झपटी : बलटाना की पीर बाबा रोड पर सैनी विहार फेज-3 निवासी शीतल शर्मा अपनी बच्ची के साथ घर लौट रही थी। बाइक सवार युवक उसके कान से बाली झपटकर फरार हो गया। आरोपी ने हेलमेट पहना हुआ था और पीठ पर डिलीवरी कंपनी का बैग टांग रखा था।

दो युवकों ने अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। इससे पहले बलटाना क्षेत्र में अलग-अलग दिनों में हुई वारदातों में चार महिलाओं को निशाना बनाया गया था, जिनमें बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से शहर में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा हो गई है। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के नाहन स्थित एसपी कार्यालय में तैनात एएसआई कौशल्या देवी जीरकपुर में अपनी रिश्तेदार उमा देवी के घर आई थीं। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार 23 अक्तूबर को शाम लगभग 4:29 बजे वह सब्जी खरीदने के लिए घर से बाहर निकली थीं। पेटा होम्स से बाहर आते ही पीछे से मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। इस चेन में %ओम% का पेंडेंट भी लगा हुआ था। कौशल्या देवी ने आरोपियों का पीछा करने का प्रयास भी किया, लेकिन दोनों तेज रफ्तार बाइक पर फरार हो गए।

पटियाला में टोलकर्मी पर चढ़ाई कार, 100 मीटर तक घसीटता ले गया चालक



सीसीटीवी में हुआ कैद

डेली आवाज भारती

पटियालाः पटियाला-राजपुरा हाईवे स्थित धरेड़ी जट्टां टोल प्लाजा पर एक कार चालक की लापरवाही और बेरहमी का मामला सामने आया है। टोल पर बैरियर तोड़कर निकलने की कोशिश में चालक ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कर्मचारी कार के बोनट पर जा गिरा, लेकिन चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी। वह कर्मचारी को करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। कुछ दूरी पर कर्मचारी सड़क पर गिर पड़ा, जबकि चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। इस घटना में टोलकर्मी अमनदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

कार चालक की पहचान में जुटी पुलिस

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने टोल प्लाजा की सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस कार के नंबर और चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है, ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके। फिलहाल चालक की पहचान और उसकी गिरफ्तारी को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

मोटरसाइकिल सवार को वाहन ने मारी टक्कर, पीछे से आ रहे ट्रक के नीचे कुचले जाने से हुई मौत

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर-फाजिल्का जीटी रोड पर स्थित एक निजी स्कूल के पास बीते दिन हुए एक दर्दनाक सडे दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। उक्त दुर्घटना के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। मालूम हो कि मृतक की पहचान गांव माड़े कलां के निवासी कुलवंत सिंह (40) के रूप में हुई है, जोकि एक मिस्त्री था और लकड़ी का काम करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिस्त्री कुलवंत सिंह बीते शनिवार की देर शाम को गांव मोहन के हिठाड़ से अपना काम खत्म करके अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर गांव माड़े कलां वापस जा रहा था और जब वह एफ.एफ रोड पर स्थित निजी स्कूल के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन की फेट लगने के कारण वह मोटरसाइकिल सहित सडे पर गिर गया। जिसके बाद कुछ ही देर बाद वहां से गुजर रहे एक ट्राले का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही गुरुहरसहाय की पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और पुलिस ने हादसे संबंधी जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा फरार हुए ट्राला चालक की तलाश और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। दूसरी ओर कुलवंत सिंह की मौत की खबर मिलते ही परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक कुलवंत सिंह के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

जिला पुलिस ने 30 लोगों को गिरफ्तार कर 27.4 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान किया बरामद

गिरफ्तार दोषियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 30 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 27.4 ग्राम हेरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ थाना सिटी, थाना सदर व थाना छावनी फिरोजपुर, थाना घल्लखुर्द, थाना आरफके, थाना ममदोट, थाना कुलगड़ी, थाना तलवंडी भाई एवं थाना मल्लांवाला में एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना सिटी की एएसआई गुरकंवलजीत कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान राम प्रकाश उर्फ पाशा पुत्र सोहन लाल, रोहित उर्फ केवल कृष्ण पुत्र राजू वासी बोहड़ वाली गली बस्ती भट्टीयां वाली फिरोजपुर, सुनील कुमार उर्फ नंनी पुत्र जगदीश लाल वासी बस्ती आवा फिरोजपुर, गुलशन पुत्र मन्ना वासी न्यू काशी नगरी बानो वाला वोहड़ा, सुनील पुत्र प्रेम वासी गली गुजरां वाली मक्खू गेट को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 7.95 ग्राम हेरोइन, थाना सदर फिरोजपुर की एस.आई जसप्रीत कौर ने पुलिस पार्टी के साथ हेरोइन का नशा करते हुए गुलशन पुत्र कुलवंत वासी बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर शहर, अकाश पुत्र बापी वासी छत्ती गली नजदीक बिल्ला हलवाई चौंक फिरोजपुर, हरप्रीत सिंह उर्फ मोनू पुत्र सुखविन्द्र सिंह वासी झोक हरिहर, राजदीप पुत्र मुख्तैयार सिंह वासी मकान नंबर 111 सुखदेव नगर फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, लाईट और फोल्ड किया नोट, थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई बलदेव राज ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान अतिश पुत्र परमजीत वासी बस्ती आवा फिरोजपुर, सागर पुत्र परमजीत वासी बस्ती आवास, रणजीत सिंह पुत्र मेह सिंह वासी कमाले वाला, अमन लव पुत्र इंदूअर्श वासी लाल कुगड़ी को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 5 ग्राम हेरोइन, लाईटर, सिल्वर पन्नी व 10 रुपए का नोट, थाना आरफके के एएसआई जगतार सिंह ने हेरोइन का नशा करते हुए अजय पुत्र तारा वासी हस्ती वाला, जगसीर सिंह पुत्र जंगीर सिंह वासी वार्ड नंबर 8 नजदीक चर्च मुदकी, बलौर सिंह पुत्र हरनेक सिंह वासी बैक साईड दशहरा मैदान गुरु रामदास नगर फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1.80 ग्राम हेरोइन, सिल्वर पेपर, लाईटर और पाईप, थाना ममदोट के एएसआई सतिन्द्रपाल सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ साजन पुत्र करनैल सिंह वासी गांव जलाल वाला व भूपिन्द्र सिंह पुत्र हरमेश सिंह वासी गांव जलाला वाला को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन, थाना कुलगड़ी के एच.सी गुरजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान हेरोइन का नशा करते हुए लखविन्द्र सिंह उर्फ लखा पुत्र अमरजीत सिंह, रजवंत सिंह उर्फ बिट्टा पुत्र गुरमेज सिंह वासी गांव गोलेवाला, राहत उर्फ दुला पुत्र थोमस वासी झोक हरिहर को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, लाईटर और 1 पेपर फोल्ड किया हुआ, थाना घल्लखुर्द के एएसआई दर्शन सिंह व रणजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दोषी अनमोवल उर्फ मोला पुत्र धर्मिंद्र वासी चुगतेवाला व परमवीर सिंह उर्फ काकू पुत्र गुरमेल सिंह वासी घणीया पति गोलेवाला से 4.27 ग्राम हेरोइन और लवप्रीत सिंह उर्फ लभी पुत्र जगदीस सिंह वासी गांव फिरोजशाह व विजय पुत्र दर्शन सिंह वासी कब्बर वच्छा रोड मुदकी को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुरजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान हेरोइन का नशा करते हुए सर्बजीत सिंह उर्फ सभा पुत्र मेजर सिंह वासी लल्ले को गिरफ्तार किया।

लुधियाना में निर्माणाधीन इमारत से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना में एक निर्माणाधीन इमारत से अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मामला हैबोवाल क्षेत्र के संधू नगर का है, जहां निर्माण स्थल पर मजदूरों को ईंटों के ढेर के नीचे एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, निर्माण स्थल पर दोबारा काम शुरू होने के दौरान मजदूरों ने ईंटें हटाई तो नीचे शव दिखाई दिया। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति की मौत करीब 8 से 10 दिन पहले हुई होगी। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है।

शरीर पर चोट के निशान, पहचान की कोशिश जारी

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। ऐसे में हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के क्षेत्र से जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि मृतक की पहचान तथा घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा सके।

CMYK

page 5_Layout 1 25-10-2026 20:13 Page 1

जीरकपुर के लग्जरी स्टोर से 1.5 करोड़ की चोरी: नासिक से एक आरोपी गिरफ्तार, बिल्टी बनवाने में इस्तेमाल हुआ था आधार कार्ड

-पूर्व महिला मैनेजर पर पहले ही दर्ज हो चुका है मामला, सामान की दुलाई और अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

- **अदालत ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा, पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की उम्मीद**

डेली आवाज भारती

जीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल : चंडीगढ़-अंबाला हाईवे पर ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट स्थित 'फिनेस द लग्जरी स्टोर' से 1.5 करोड़ रुपये से अधिक की चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नासिक से 25 वर्षीय युवक इंद्रजीत गुसाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी पेशे से किसान है। जांच में सामने आया है कि चोरी के इस मामले में माल की बिल्टी बनवाने के लिए उसका आधार कार्ड वीरेन आनंद द्वारा इस्तेमाल किया गया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया है। अब पुलिस उससे पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बिल्टी बनवाने में उसकी क्या भूमिका रही और चोरी के सामान को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने में कौन-कौन लोग शामिल थे। पुलिस इस पहलू की भी गहराई से जांच कर रही है कि आरोपी का आधार कार्ड किस तरह इस्तेमाल किया गया। पूछताछ के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर पुलिस मामले की जांच को आगे बढ़ाएगी। फिनेस द लग्जरी स्टोर में चोरी की यह बड़ी वारदात 10 अगस्त की सुबह सामने आई थी। स्टोर की दो महिला कर्मचारी जब दुकान पर पहुंचीं तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जांच करने पर बड़ी मात्रा में कीमती सामान गायब था। स्टोर मालिक अरविंद कुमार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पूर्व महिला मैनेजर मोहीना दीवानी उर्फ डिम्पी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि स्टोर से करीब 1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत का सामान चोरी हुआ है।

चोरी हुए सामान में 200 से अधिक महंगी डिजाइनर ड्रेसेस, करीब 15 हजार मीटर इंपोर्टेड फैब्रिक, दो एयर कंडीशनर, लैपटॉप या कंप्यूटर सिस्टम, साउंड सिस्टम, लंबे शीशे, लकड़ी के ड्रॉअर, फर्नीचर, फिक्सचर और अन्य स्टोर सामग्री शामिल थी। इसके अलावा कर्मचारियों के पहचान दस्तावेजों से भरी फाइल भी गायब होने की बात शिकायत में कही गई थी। मामले की शुरुआती जांच के दौरान सुरक्षा गार्ड ने बताया था कि 9 अगस्त की शाम करीब सात से आठ बजे के बीच उसने पूर्व मैनेजर मोहीना दीवानी उर्फ डिम्पी को स्टोर के पिछले हिस्से में देखा था। सामान की आवाजाही के बारे में पूछने पर उसने खुद को स्टोर की मैनेजर बताते हुए दुकान दूसरी जगह शिफ्ट करने की बात कही थी। इसके बाद स्टोर मालिक के निर्देश पर कर्मचारियों ने अपटाउन स्काईला स्थित उसके फ्लैट की जांच की। वहां महिला मैनेजर नहीं मिली, लेकिन स्टोर से संबंधित कुछ सामान दिखाई देने की बात सामने आई थी। सोसायटी के सुरक्षा कर्मचारियों और कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, वह करीब दो दिन पहले फ्लैट खाली कर चुकी थी।

बिल्टी और सामान की दुलाई को लेकर जांच जारी

शिकायतकर्ता ने आशंका जताई थी कि स्टोर के भीतर रखे सामान, स्टॉक और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी रखने वाले लोगों की इसमें मुख्य भूमिका हो सकती है। पुलिस इस मामले में सामान की ढुलाई, बिल्टी बनवाने और उससे जुड़े अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच कर रही है। जांच अधिकारी एएसआई हरविंदर सिंह के अनुसार, नासिक से गिरफ्तार किए गए आरोपी इंद्रजीत गुसाल को अदालत में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि चोरी के इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

मां चिंतपूर्णी से बृंदा वन शेषनाग मंदिर के लिए 120 यात्रियों का जाथा हुआ रवाना



डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) अमृतसर,माँ चिंतपूर्णी सेवक सभा छेहरटा (REGD) की ओर से चेयरमैन राजन मेहता, कैशियर दीपक रामपाल, परदान हरदेव सिंह की अगवाई में चिंतपूर्णी से कलिकालेश्वर जाने के लिए 120यात्रियों का जाथा हुआ रवाना,बस यात्रा को छेहरटा पेट्रोल पंप से रवाना किया चेयरमैन राजन मेहता ने कहा कि हम पिछले 7 साल से बस यात्रा चल रहे हैं, हमारा बस यात्रा चलने का मकसद यही है कि लोगों को धर्म के साथ जुड़ना और नशे से दूर रखना है। गया वही आरती देवा जी एडवोकेट - अरवीन भकना जी) बीजेपी के सीनियर राकेश रिंकू वाल्मीकि जी की ओर से हजारी बारी गई। । इस अवसर पर वाइस चेयरमैन - मंजीत कालिया जनरल सेक्रेटरी- विशाल शर्मा, शुभम शर्मा, रजत शर्मा, राजू तिवारी, संदीप पाल, आशु ओंकार मेहता, यशपाल रामपाल, आदित्य मेहता, अविनाश कुलभूषण अदी मजूद थे।

ओल्ड कालका रोड 104 फुट चौड़ी, फिर भी सड़क पर वाहनों के लिए जगह कम!

सड़क के दोनों तरफ ऑटो रिपेयरिंग के काम से सुचारु यातायात प्रभावित, आधे से भी कम रास्ते से गुजरने को मजबूर वाहन चालक

डेली आवाज भारती

जीरकपुर/तरनप्रीत सिंह गिल : की ओल्ड कालका रोड 104 फुट चौड़ी है, लेकिन सड़क के दोनों तरफ चल रहे ऑटो रिपेयर के काम के कारण वाहन चालकों के लिए आधे से भी कम जगह बचती है। सड़क की चौड़ाई ज्यादा होने के बावजूद वाहनों को सीमित जगह से निकलना पड़ता है। इससे सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ने और वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने की स्थिति बनती है। सड़क के दोनों किनारों पर मरम्मत के काम के चलते उपलब्ध जगह कम होने से मार्ग की चौड़ाई का पूरा फायदा वाहन चालकों को नहीं मिल पा रहा है। ओल्ड कालका रोड पर सड़क के दोनों तरफ ऑटो रिपेयर



का काम होने के कारण यातायात के लिए उपलब्ध जगह सिमट जाती है। 104 फुट चौड़ी सड़क पर जब वाहनों के निकलने के लिए आधे से भी कम जगह बचे तो आवाजाही प्रभावित होना स्वाभाविक है। सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को सीमित जगह में रास्ता बनाकर निकलना पड़ता है। ऐसे में सड़क की चौड़ाई के मुकाबले यातायात के लिए उपलब्ध जगह का अंतर साफ नजर आता है। सड़क की चौड़ाई आमतौर पर सुगम आवागमन के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध करवाती है, लेकिन ओल्ड कालका रोड पर स्थिति इसके उलट है। दोनों तरफ ऑटो रिपेयर के काम के कारण सड़क का इस्तेमाल प्रभावित हो रहा है। इससे वाहन चालकों को निकलने के लिए कम जगह मिलती है। सड़क पर वाहनों की आवाजाही बढ़ने के दौरान सीमित जगह परेशानी का कारण बन सकती है और यातायात की रफ्तार पर भी असर पड़ सकता है।

सड़क किनारे की गतिविधियों को व्यवस्थित करने की जरूरत

ओल्ड कालका रोड पर यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए सड़क के दोनों तरफ चल रहे ऑटो रिपेयर के काम से प्रभावित हो रही जगह का जायजा लेना जरूरी है। संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सड़क का इस्तेमाल इस तरह न हो कि वाहन चालकों के लिए रास्ता ही सीमित रह जाए। सड़क की उपलब्ध चौड़ाई के अनुसार यातायात के लिए पर्याप्त जगह बनाए रखना जरूरी है, ताकि वाहन चालकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

कुल्हड़ पिज्जा फेम सहज को नहीं है ब्रेन ट्यूमर!

डॉक्टर सहज की हालत स्थिर होने के बाद आगे की जांच करने की तैयारी कर रहे

डेली आवाज भारती

जालंधर : कुल्हड़ पिज्जा के नाम से मशहूर सहज की सेहत को लेकर सामने आ रही खबरों के बीच उनके परिवार ने स्थिति स्पष्ट की है। सहज के भाई के मुताबिक, उन्हें ब्रेन ट्यूमर होने की बात सही नहीं है। फिलहाल सहज का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, सहज को अचानक पेट में तेज दर्द उठा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद अपेंडिक्स से जुड़ी गंभीर समस्या की पहचान की और उनका ऑपरेशन किया। परिवार के अनुसार, सर्जरी सफल रही है। इलाज के



दौरान डॉक्टरों को आंतों के नजदीक ट्यूमर जैसी समस्या होने का संदेह भी हुआ है। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। डॉक्टर सहज की हालत स्थिर होने के बाद आगे की जांच करने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए करीब दो से तीन दिन बाद जांच की जा सकती है।

परिवार ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की

सहज की बीमारी को लेकर सोशल मीडिया पर अलग-अलग तरह की चर्चाएं हो रही हैं। उनके भाई ने ब्रेन ट्यूमर से जुड़ी खबरों को अफवाह बताया है। फिलहाल सहज की सेहत और आगे होने वाली जांचों की रिपोर्ट का इंतजार है।

नंगल में भीषण सड़क हादसा, दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

ट्रक की कार से टक्कर के बाद सड़क पर पलटा वाहन, बाइक सवार 27 वर्षीय युवक की मौत; चार लोग घायल

डेली आवाज भारती

नंगल। पंजाब के नंगल में रविवार सुबह नंगल-श्री आनंदपुर साहिब मुख्य मार्ग पर एमपी कोठी के पास हुए भीषण सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान नंगल के जी-ब्लॉक निवासी सौरभ के रूप में हुई है। वह कुरियर बॉय के तौर पर काम करता था और दो छोटे बच्चों का पिता था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा रविवार सुबह करीब सात बजे हुआ। श्री आनंदपुर साहिब की ओर से आ रहा एक ट्रक दूसरे ट्रक को



ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान ट्रक की चपेट में चंडीगढ़ लौट रही एक कार आ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक सड़क के बीचोंबीच पलट गया और कार को भी भारी नुकसान पहुंचा। बताया जा रहा है कि सौरभ हादसे के समय सड़क किनारे अपनी बाइक पर खड़ा था। ट्रक और कार की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में ट्रक चालक गणेश भी घायल हुआ। सौरभ और चालक को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान सौरभ ने दम तोड़ दिया। ट्रक चालक को प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

लुधियाना में नशा तस्करों पर पुलिस का बड़ा शिकंजा, 28 गिरफ्तार; हेरोइन और गांजा बरामद

शहर के नौ संवेदनशील इलाकों में एक साथ छापेमारी, 500 पुलिसकर्मी अभियान में शामिल

डेली आवाज भारती

लुधियाना। पंजाब में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लुधियाना पुलिस ने शनिवार को शहर के नौ चिन्हित इलाकों में एक साथ घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया। पुलिस की इस कार्रवाई में 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि नशीले पदार्थ भी बरामद किए गए। , पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा के निर्देशों पर चलाए गए अभियान की निगरानी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रुपिंदर सिंह ने की। अभियान में करीब 25 राजपत्रित अधिकारी, 40 थाना प्रभारी और लगभग 500 पुलिसकर्मी शामिल



हुए। पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 123 लोगों और 75 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान 28 एफआईआर दर्ज की गई और 120 ग्राम हेरोइन, 200 ग्राम गांजा तथा 15 कैप्सूल बरामद किए गए। पुलिस टीमों ने चिन्हित नशा तस्करों और सप्लायरों के ठिकानों की तलाशी लेने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की भी जांच की। अभियान के दौरान नशे की लत से जूझ रहे लोगों को उपचार और पुनर्वास के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस के अनुसार, 11 लोगों के उपचार की व्यवस्था ओओएटी केंद्रों के माध्यम से की गई, जबकि नौ अन्य लोगों को नशा मुक्ति उपचार के लिए रेफर किया गया। अधिकारियों ने कहा कि नशा तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने आम लोगों से नशे की बिक्री से संबंधित जानकारी देने की अपील की है।

लुधियाना में अवैध कॉलोनियों पर GLADA का बड़ा एक्शन, चार कॉलोनियां और दो इमारतें ध्वस्त

- **भट्टियां, बहादुरके और काकोवाल समेत विभिन्न इलाकों में चला अभियान, अनधिकृत निर्माण करने वालों को चेतावनी**

डेली आवाज भारती

लुधियाना। लुधियाना में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माण के खिलाफ ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (GLADA) ने कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में चार अवैध कॉलोनियों और दो इमारतों को ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर में बिना मंजूरी विकसित की जा रही कॉलोनियों पर रोक लगाना और नियोजित शहरी विकास सुनिश्चित करना है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, ग्लाडा की टीम ने भट्टियां, बहादुरके,



काकोवाल, नूरवाला और सुजातवाल गांवों के आसपास कार्रवाई की। अधिकारियों के मुताबिक, संबंधित निर्माणों के खिलाफ पहले नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं किए जाने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। GLADA अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी कॉलोनी में प्लॉट खरीदने या निर्माण करने से पहले उसकी सरकारी मंजूरी की जांच जरूर करें। बिना मंजूरी वाली कॉलोनियों में सड़क, सीवरेज, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं को लेकर परेशानी हो सकती है। ऐसी जगहों पर निवेश करने से पहले संबंधित विभाग से दस्तावेजों की पुष्टि करना जरूरी है।प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि अनधिकृत कॉलोनियों और निर्माणों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रह सकती है। लोगों को सलाह दी गई है कि संपत्ति खरीदने से पहले कॉलोनी का स्वीकृत नक्शा और जरूरी दस्तावेज अवश्य जांचें।

अटारी बॉर्डर पर हेरोइन और हथियार बरामद होने की खबर, सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटीं



- **सीमा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों को लेकर सतर्कता बढ़ी**

डेली आवाज भारती

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर स्थित अटारी सीमा क्षेत्र में हेरोइन और हथियारों की बरामदगी से जुड़ी खबर सामने आई है। इस मामले को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और बरामदगी के स्रोत तथा संभावित तस्करी नेटवर्क की जांच किए जाने की जानकारी सामने आई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) तथा संबंधित एजेंसियां समय-समय पर तलाशी अभियान चलाती हैं। ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। हालांकि, इस मामले में बरामद हेरोइन की मात्रा, हथियारों की संख्या, गिरफ्तारी और कार्रवाई की सटीक जानकारी की आधिकारिक पुष्टि आवश्यक है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले से जुड़े अन्य तथ्यों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

जीरकपुर में बस में चढ़ते समय महिला के छह तोले सोने के कड़े चोरी, छह महिलाएं गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

जीरकपुर। जीरकपुर के कालका चौक पर सीटीयू बस में चढ़ते समय महिला के हाथों से सोने के दो कड़े चोरी करने के मामले में पुलिस ने छह महिलाओं को गिरफ्तार किया है। वारदात 27 अगस्त 2026 को सुबह करीब 8:30 बजे हुई थी। महिला के अनुसार, बस में चढ़ने के दौरान छह-सात अज्ञात महिलाएं अचानक धक्का-मुक्की करने लगीं। कुछ दूरी आगे जाने पर उन्हें पता चला कि उनके हाथ से सोने के दोनों कड़े गायब हैं। पुलिस ने 31 अगस्त को शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया था। मामले में 24 अक्टूबर को छह महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। अदालत ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। भबात के एकेएस-1 निवासी मनजीत कौर चंडीगढ़ के सेक्टर-17 स्थित पंजाब स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर कार्यालय में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया

- **कालका चौक पर धक्का-मुक्की के बीच हुई थी वारदात, दो महीने बाद पुलिस ने सुलझाया मामला; अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा**

कि 27 अगस्त को वह रोजाना की तरह ड्यूटी पर जाने के लिए जीरकपुर के कालका चौक से सीटीयू बस में सवार हो रही थीं। इसी दौरान छह-सात महिलाएं एक साथ बस में चढ़ने लगीं। अचानक हुई धक्का-मुक्की के बीच उन्हें अपने हाथों से सोने के कड़े निकलने का पता नहीं चला। जब वह कुछ दूरी आगे यूटी बैरियर के पास पहुंचीं तो उन्होंने अपने बाएं हाथ में देखा। सोने के दोनों कड़े गायब थे। कड़ों का कुल वजन करीब छह तोले था। महिला को शक हुआ कि बस में चढ़ते समय धक्का-मुक्की करने वाली महिलाओं ने ही कड़े चोरी किए हैं। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर आरोपियों की तलाश की। काफी समय तक कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने 31 अगस्त को जीरकपुर थाने में शिकायत दी। शिकायत पर एएसआई लाभ सिंह ने उनका बयान दर्ज किया। पुलिस ने अज्ञात महिलाओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने मामले में छह महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनमें पटियाला निवासी करमजीत कौर और चरनजीत कौर, पटियाला के थाना पसियाना क्षेत्र के शेरमाजरा निवासी रानी कौर, पागशू निवासी शरणजीत कौर उर्फ शरण उर्फ बबली, मालेरकोटला निवासी शिंदर कौर उर्फ गुरमीतू और नाभा निवासी करमजीत कौर उर्फ मलकीत कौर शामिल हैं। पुलिस ने सभी को 24 अक्टूबर को गिरफ्तार किया।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 25-10-2026 21:11 Page 1

'हाउसफुल 4' के 7 साल पूरे होने पर कृति खरबंदा ने याद किया अपना शाही अंदाज, फिल्म के लिए जताया आभार



2019 में रिलीज हुई फिल्म 'हाउसफुल 4' बॉलीवुड की लोकप्रिय कॉमेडी फ्रेंचाइजी की यादगार फिल्मों में से एक है। फिल्म के सात साल पूरे होने के मौके पर अभिनेत्री कृति खरबंदा ने इससे जुड़ी यादें ताजा की हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक नॉस्टैल्जिक पोस्ट साझा करते हुए फिल्म के साथ अपने जुड़ाव को याद किया है। फिल्म की सालगिरह के मौके पर कृति ने एक एआई से तैयार किया गया वीडियो साझा किया है, जिसमें फिल्म से उनका लुक नजर आ रहा है। इस वीडियो ने प्रशंसकों को एक बार फिर 'हाउसफुल 4' की दुनिया की याद दिला दी है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने एक भावुक नोट लिखा है, 卐फिल्म, इस अनुभव, पूरी टीम और बेशक हमारे दर्शकों के लिए आभारी हूं! 卐 उनके इस संदेश ने फिल्म से जुड़े अनुभवों, साथ काम करने वाले लोगों और दर्शकों से मिले प्यार के प्रति उनकी कृतज्ञता को जाहिर किया है।

'हाउसफुल 4' में कृति खरबंदा दोहरी भूमिका में नजर आई थीं, जहां उन्होंने अलग-अलग दौर के दो किरदारों को पर्दे पर जीवंत किया था। फिल्म में उनका शाही अंदाज खास आकर्षण का केंद्र रहा। पारंपरिक परिधानों, खूबसूरत आभूषणों और राजसी स्टाइलिंग से सजे उनके लुक ने दर्शकों का ध्यान खींचा। फिल्म की दो अलग-अलग समयावधियों में उनके किरदारों के लुक और व्यक्तित्व में नजर आया अंतर भी फिल्म की खासियतों में शामिल रहा। सात साल बाद कृति की यह पोस्ट पुरानी यादों को ताजा करने के साथ फिल्म का हिस्सा बनने के उनके अनुभव का जश्न मना रही है। अपने एआई वीडियो और दिल छू लेने वाले संदेश के जरिए अभिनेत्री ने न सिर्फ अपने फिल्मी सफर के इस खास पड़ाव को याद किया है, बल्कि उस टीम व दर्शकों के प्रति आभार भी जताया है, जिन्होंने इस सफर को यादगार बनाया।


बिग बॉस 20 में इमोशनल नजर आईं माही विज

कहा-जज ने 4 बार एलिमनी को कहा पर मैंने नहीं लिया



मुंबई। अभिनेत्री माही विज रियलिटी शो %बिग बॉस-20% में एक इमोशनल मोमेंट में अपनी बेटी तारा को लेकर काफी भावुक होती दिखीं। इस दौरान उन्होंने बेटी की परवरिश, उसके सुरक्षित भविष्य और अपनी सिंगल मदर की जर्नी के बारे में खुलकर बात की। साथ ही, माही ने जय भानुशाली से तलाक के दौरान एलिमनी न लेने के अपने फैसले का भी जिक्र किया। शो के दौरान माही विज ने बताया कि उनकी पूरी जिंदगी अपनी बेटी के ईर्द-गिर्द घूमती है और वो खुद अपने दम पर उसके लिए सिक्योर फ्यूचर बनाना चाहती हैं। माही ने कहा, 卐मैं सिंगल मदर हूं और मैं ही जानती हूं कि मेरा पूरा दिन यहां पर कैसे गुजरता है। जय अक्सर मुझे बाहर जाने और अपनी जिंदगी जीने के लिए कहता रहता है। वो कहता है, %तुम बाहर जाया करो, तुम कहीं जाती ही नहीं हो। तुम तारा के लिए घर में ही बैठी रहती हो।% मेरी पूरी जिंदगी मेरी बच्ची के इर्द-गिर्द घूमती है।卐 माही ने रोते हुए यह भी बताया कि तलाक के दौरान जज ने उनसे 4 बार कहा था कि वो जय भानुशाली से गुजारा भत्ता (एलिमनी) ले लें लेकिन उन्होंने लेने से मना कर दिया। उनका मानना है कि वह पैसे उनके पति व अभिनेता जय भानुशाली की मेहनत की कमाई है। उन्होंने कहा, 卐पता है? मैंने एक भी रुपया एलिमनी नहीं लिया लेकिन फिर भी, मैं किसी से भी पैसे नहीं मांगती, जय से भी नहीं। मुझे लगता है कि वो उसकी मेहनत की कमाई है। मैं कोर्ट में खड़ी थी और जज ने मुझसे चार बार एलिमनी लेने के लिए कहा था और मैंने लेने से इनकार कर दिया था क्योंकि मैंने देखा है कि जय ने कितनी मेहनत से वो पैसे कमाए हैं। उन्होंने कहा, 卐ऐसा नहीं है कि जय ने मुझे कुछ भी लेने के लिए मना किया है, मुझे पता है कि उसका पूरा लॉकर मेरे लिए खुला रहता है लेकिन फिर भी मेरा मन रुपये लेने के लिए नहीं करता है। उसने इतने रुपये कमाने के लिए बहुत मेहनत की है, वो सेट पर 16-16 घंटे खड़े होकर काम करता रहता है। ये उसकी मेहनत की कमाई है। बता दें कि ये पूरी बात तब शुरू हुई जब माही का अरिश्फा के साथ झगड़ा हुआ।

जावेद अख्तर ने विज्ञान और तकनीक को कला के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर दिया जोर



मुंबई। वरिष्ठ पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी को उदार कलाओं (लिबरल आर्ट्स) के साथ जोड़ने के महत्व पर जोर दिया है। जावेद अख्तर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ उदार कलाओं (लिबरल आर्ट्स) के समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इतिहास, साहित्य, कविता और चित्रकला जैसे विषयों का ज्ञान एक संतुलित व्यक्तित्व के लिए बेहद जरूरी है। अख्तर ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी मानव प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन कला और मानवीय विषयों की समझ ही इंसान को कंप्यूटर और रोबोट से अलग बनाती है। उन्होंने कहा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी बहुत महत्वपूर्ण हैं। लेकिन लिबरल आर्ट्स की भी कुछ समझ होना जरूरी है। यही एक इंसान और कंप्यूटर या रोबोट के बीच का अंतर है। गीतकार ने आगे कहा कि लोगों को अपने-अपने क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि लिबरल आर्ट्स का अध्ययन करने वालों को भी विज्ञान की बुनियादी समझ होनी चाहिए। उन्होंने कहा, इसी तरह विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी लिबरल आर्ट्स की जानकारी होनी चाहिए। इतिहास, साहित्य, कविता, चित्रकला और लोक कलाएं, इन सबकी समझ जरूरी है। ज्ञान को इस तरह अलग-अलग खांचों में बांटना सही नहीं है। पटकथा लेखक, गीतकार और कवि के रूप में पहचान रखने वाले जावेद अख्तर लंबे समय से भारतीय सिनेमा और साहित्य से जुड़े रहे हैं। जावेद अख्तर को प्रसिद्ध पटकथा लेखन जोड़ी सलीम-जावेद के सदस्य के रूप में व्यापक पहचान मिली। सलीम खान के साथ उनकी इस जोड़ी ने 'जंजीर' (1973), 'दीवार' (1975), 'शोले' (1975) और 'मिस्टर इंडिया' (1987) जैसी कई ऐतिहासिक हिंदी फिल्मों की पटकथाएं लिखीं, जिन्होंने बॉलीवुड की कहानी कहने की शैली पर गहरा प्रभाव छोड़ा। बाद में उन्होंने एक प्रतिष्ठित गीतकार के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई और 'सिलसिला', '1942- ए लव स्टोरी', 'बॉर्डर', 'रिफ्यूजी' और 'लगान' जैसी फिल्मों के लिए यादगार गीत लिखे। सिनेमा के अलावा अख्तर एक प्रतिष्ठित उर्दू कवि भी हैं। उनकी चर्चित काव्य कृतियों में 'तरकश' शामिल है। भारतीय सिनेमा और साहित्य में उनके योगदान के लिए उन्हें पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के अलावा 1999 में पद्म श्री और 2007 में पद्म भूषण से सम्मानित किया जा चुका है।

'बैचलर पार्टी डी 'यू' में ज्योतिर्मयी निभाएंगी पॉली का किरदार, 19 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म

चेन्नई। मलयालम फिल्ममेकर अमल नीरद की अपकमिंग फिल्म 'बैचलर पार्टी डी 'यू' को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्साह है। अब मेकर्स ने फिल्म में एक्ट्रेस ज्योतिर्मयी के किरदार का नाम भी सामने ला दिया है। वह फिल्म में पॉली के किरदार में नजर आएंगी। डायरेक्टर अमल नीरद ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी देते हुए लिखा, 'ज्योतिर्मयी इज पॉली।' यह फिल्म साल 2012 में रिलीज हुई अमल नीरद की सफल फिल्म 'बैचलर पार्टी' का सीक्वल है। यही वजह है कि फिल्म को लेकर फैंस के बीच खास दिलचस्पी बनी हुई है। सूत्रों के मुताबिक, नई फिल्म की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी होगी, लेकिन इसमें कई नए किरदार भी देखने को मिलेंगे। 'बैचलर पार्टी डी'यू' में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। फिल्म में 'प्रेमलु' से देशभर में पहचान बनाने वाले एक्टर नसलेन लीड रोल में हैं। उनके अलावा कुंचाको बोबन, टोविनो थॉमस, सौबिन शाहिर, श्रीनाथ भासी, शराफुद्दीन, शाइन टॉम चाको, चंदू सलीमकुमार, रजीशा विजयन, हंसिका कृष्णा और पेरिस लक्ष्मी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेकर्स इससे पहले फिल्म में नादिया मोइदू और रजीशा विजयन के किरदारों के नाम का भी खुलासा किया था। नादिया फिल्म में अन्ना मैथ्यूज का किरदार निभा रही हैं, जबकि रजीशा विजयन सिंपल के रोल में दिखाई देंगी। फिल्म में शाइन टॉम चाको गुरु, चंदू सलीमकुमार मम्मू, श्रीनाथ भासी जावी और शराफुद्दीन पप्पन के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, सौबिन शाहिर फिल्म में डैनी की भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, टोविनो थॉमस के किरदार को लेकर मेकर्स ने अब तक सस्पेंस बनाए रखा है। फिल्म से उनका लुक सामने आ चुका है, लेकिन उनके किरदार का नाम नहीं बताया गया है। टोविनो के पोस्टर जारी करते हुए अमल नीरद ने मशहूर अंग्रेजी नाटककार विलियम शेक्सपियर की एक पंक्ति भी लिखी थी, 'हेल इज एम्प्टी एंड ऑल द डेविल्स आर हियर।' इस पंक्ति का मतलब है कि नरक खाली है और सारे शैतान यहां मौजूद हैं। डायरेक्टर की इस पोस्ट ने फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है। 'बैचलर पार्टी डी'यू' इसी साल 19 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



'रामायण' के गाने 'मंगल रंग' में अरिजीत सिंह-श्रेया घोषाल की आवाज का जादू, एआर रहमान के संगीत ने जीता दिल

मुंबई। निर्देशक नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर दर्शकों में उत्साह लगातार बढ़ रहा है। फिल्म का नया गीत 'मंगल रंग' जारी किया गया है, जिसमें भगवान राम और माता सीता के प्रेम और समर्पण को संगीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इस गीत का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है, जबकि अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने अपनी मधुर आवाज से इसे सजाया है। एआर रहमान ने गाने को कंपोज करने के अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, 'रामायण' ऐसी कहानी है, जो कई पीढ़ियों से लोगों के दिलों में बसी हुई है। इस कहानी को संगीत के जरिए पेश करना मेरे लिए खास अनुभव रहा। भगवान राम और माता सीता के रिश्ते में एक खास पवित्रता और कोमलता है, जिसे मैं संगीत में उतारना चाहता था। मुझे उम्मीद है कि 'मंगल रंग' सुनने वालों के दिलों में प्रेम और भक्ति का भाव जगाएगा। कुछ कहानियों को शब्दों में समझाने की जरूरत नहीं होती, उन्हें सिर्फ महसूस किया जाता है।' गाने में अपनी आवाज देने और 'रामायण' का हिस्सा बनने को लेकर अरिजीत सिंह ने कहा,'



'रामायण' सिर्फ एक कहानी या महाकाव्य नहीं है, बल्कि यह जीवन, हमारी अंतरात्मा और हमारे आसपास की हर चीज से जुड़े रिश्तों को समझने का एक ऐसा नजरिया है, जो हमेशा प्रासंगिक रहेगा। एआर रहमान सर की कंपोज की गई 'मंगल रंग' की धुन मुझे शब्दों से परे एक ऐसी दुनिया में ले गई, जहां प्रेम अपने सबसे पवित्र रूप में खिलता है। अरिजीत ने आगे कहा, भगवान राम और माता सीता के रिश्ते की सच्चाई और कोमलता मुझे बार-बार उस प्रेम की याद दिलाती रही, जो अलग-अलग पहचान होने के बावजूद सभी को जोड़ता है। मेरे लिए इस गाने का हिस्सा बनना एक गहरा और बदल देने वाला अनुभव रहा। मुझे उम्मीद है कि यह गाना सुनने वालों तक भी प्रेम, आभार और भक्ति का वही भाव पहुंचाएगा, जिसे मैंने इसे गाते हुए महसूस किया। श्रेया घोषाल ने भगवान राम और माता सीता की प्रेम कहानी से जुड़ने के अपने अनुभव के बारे में कहा, उनके रिश्ते की खूबसूरती सिर्फ साथ रहने की खुशी में नहीं है। उनके बीच विश्वास, समझ और एक ऐसी शांत ताकत है, जो इस रिश्ते को खास बनाती है। 'मंगल रंग' गाते समय मैंने इस रिश्ते की कोमलता को महसूस करने की कोशिश की और पूरे दिल से इसे गाया। मेरे लिए ऐसी कहानी का हिस्सा बनना गर्व और आभार की बात है, जो इतने सारे लोगों के लिए मायने रखती है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना सुनने वालों को सुकून और अपनापन महसूस कराएगा और वे राम-सीता के रिश्ते की खूबसूरती को अपने तरीके से समझ पाएंगे।' 'मंगल रंग' के अलग-अलग भाषाओं वाले वर्जन में कई मशहूर सिंगर्स ने अपनी आवाज दी है। हिंदी वर्जन को अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने गाया है, जबकि तमिल में अभय जोधपुरकर और सैंधवी की आवाज सुनाई देगी। तेलुगु वर्जन को राघव कौशिक और वैशाली सामंत ने गाया है। कन्नड़ वर्जन में अरमान मलिक और बेला शेंडे की आवाज है, जबकि मलयालम वर्जन को नरेश अय्यर और अमृता राजन ने गाया है। गाने के हिंदी बोल डॉ. कुमार विश्वास ने लिखे हैं। वहीं, तमिल वर्जन के लिरिक्स कार्तिक नेथा, कन्नड़ के कार्तिक सरगुर और मलयालम वर्जन के बोल विनायक शशिकुमार ने लिखे हैं। फिल्म के म्यूजिक की जिम्मेदारी एआर रहमान ने संभाली है। नमित मल्होत्रा की इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम और साई पल्लवी माता सीता के किरदार में नजर आएंगे। गाना हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित पांच भाषाओं में एक साथ रिलीज किया गया है। फिल्म में रणबीर कपूर और साई पल्लवी के अलावा, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। 'रामायण' का पहला भाग 5 नवंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगा। वहीं, फिल्म का दूसरा भाग दिवाली 2027 पर रिलीज करने की योजना है।

page 7_Layout 1 25-10-2026 18:01 Page 1

युद्ध कहीं भी हो, शांति हर जगह खतरे में पड़ती है: चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन में जयशंकर

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि दुनिया में कहीं भी होने वाला युद्ध हर जगह शांति के लिए खतरा है। उन्होंने आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद को राजकीय नीति या कूटनीतिक उद्देश्य हासिल करने के साधन के रूप में इस्तेमाल करना पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट और सख्त रुख अपनाने का आह्वान किया। जयशंकर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित चिन्मय मिशन के ग्लोबल सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह तीन दिवसीय सम्मेलन चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में साल भर चले आयोजनों के समापन का हिस्सा है। अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा, ÷हमारे इस सम्मेलन का थीम अद्वैत है। जिसका सामान्य अर्थ हमारे अस्तित्व को एक वास्तविकता के रूप में स्वीकार करना है। हम सभी से आग्रह करते हैं कि हम दुनिया को %दूसरों% पर ध्यान केंद्रित करने के नजरिए से न देखें। वैश्विक व्यवस्था में सहयोग और प्रतिस्पर्धा के बीच जारी बहस का उल्लेख करते हुए जयशंकर ने कहा, ÷ मानवता ने हमेशा उन लोगों के बीच मतभेद देखे हैं, जो प्रतिस्पर्धा को प्राथमिकता देते हैं और वे लोग जो सहयोग को एक महत्वपूर्ण गुण मानते हैं। वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए देशों को आपसी सहयोग और साझा जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना होगा। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 1 में इस संस्था को यह जिम्मेदारी दी गई थी कि वह साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न देशों के कार्यों में तालमेल बिठाने का केंद्र बने। विदेश मंत्री ने कहा, आज की दुनिया एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई है। ऐसे में किसी एक क्षेत्र



में होने वाला संघर्ष केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसका असर वैश्विक शांति, आर्थिक समृद्धि और विकास पर भी पड़ता है। शांति की अविभाज्यता पर विचार करें तो पाएंगे कि आज दुनिया में कहीं भी होने वाला युद्ध हर जगह की शांति के लिए खतरा बन जाता है। वर्तमान में दुनिया में दो बड़े संघर्ष चल रहे हैं एक यूक्रेन में और दूसरा पश्चिम एशिया (मध्य पूर्व) में। संघर्ष और हिंसा दुनिया की प्रगति को बाधित करते हैं और देशों के बीच सहयोग की संभावनाओं को कमजोर करते हैं। उन्होंने आगे कहा, जब हम यह कहते हैं कि संवाद और कूटनीति ही एकमात्र समाधान है, तो भारत पूरी दुनिया की भावना को ही व्यक्त कर रहा होता है। हम स्वयं भी इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अन्य साझेदारों के साथ मिलकर काम करने के लिए भी तैयार हैं। आतंकवाद के मुद्दे पर जयशंकर ने कहा, ÷यह शांति के लिए एक घातक खतरा है। आतंकवाद को राज्य की नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करना किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। लेकिन ये बढ़ता है क्योंकि कुछ देश इसको पनपने देते हैं जीरो टोलरेंस की नीति पर काम नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने उन देशों पर भी निशाना साधा जो ऐतिहासिक अनुभवों से सबक लेने के बजाय राजनीतिक हितों को प्राथमिकता देते हैं। विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कहा, आतंकवाद के प्रति अधिक सतर्क रहने और उसके खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति पर काम करने की जरूरत है।÷ उनका संदेश ऐसे समय में महत्वपूर्ण है, जब दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष, हिंसा और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां बनी हुई हैं। जयशंकर ने एआई के बढ़ते दखल को लेकर कहा, ÷ एआई सभी बदलावों की जड़ बनने की क्षमता रखता है। लेकिन इतनी व्यापक और इतने बड़े परिणाम लाने वाली चीज को केवल कुछ ही लोगों के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता। यह आजादी और लोकतंत्रीकरण के उन रुझानों के खिलाफ होगा, जिन्हें दुनिया ने पिछले 80 वर्षों में देखा है। इसी कारण से, भारत एक जिम्मेदार, समावेशी और मानव-केंद्रित दृष्टिकोण का पुरजोर समर्थन करता है। कोविड के दौरान भारत की निभाई जिम्मेदारियों का भी विदेश मंत्री ने उल्लेख किया। उन्होंने कहा, अपनी क्षमताओं का सबसे अच्छा उपयोग कैसे किया जाए, यह अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए हमेशा से एक अहम मुद्दा रहा है।

गंगा के ऊपर राफेल की गर्जना, तिरंगे से रंगा आसमान; पीएम मोदी ने देखा वायुसेना का शौर्य

डेली आवाज भारती

वाराणसी। काशी में रविवार को गंगा के ऊपर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों की गर्जना और हैरतअंगेज हवाई करतबों ने लोगों को रोमांचित कर दिया। नमो घाट पर आयोजित 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राफेल, सुखोई और अन्य विमानों का प्रदर्शन देखा। भारतीय वायुसेना के 94 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। विमानों की गर्जना से गूंजते आसमान में जब सूर्यकिरण टीम ने रंगीन धुएं से तिरंगे की आकृति उकेरी, तो घाटों पर मौजूद दर्शकों ने तालियों के साथ उत्साह जताया। नमो घाट पर एयर शो के दौरान राफेल लड़ाकू विमानों की गर्जना ने दर्शकों का ध्यान खींचा। प्रधानमंत्री मोदी विमानों के करतब गंभीरता से देखते रहे। इस दौरान उन्होंने भारतीय सेना



और वायुसेना के शौर्य के प्रति अभिवादन भी किया। प्रधानमंत्री के साथ मौजूद लोगों ने भी तालियां बजाकर हवाई प्रदर्शन का उत्साह बढ़ाया। आयोजकों की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, एयर शो में 100 से अधिक विमानों और हेलीकॉप्टरों के प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसमें राफेल और सुखोई सहित 52 लड़ाकू विमान शामिल बताए गए। लड़ाकू विमानों के साथ हेलीकॉप्टरों की समन्वित उड़ानों ने भी दर्शकों को रोमांचित किया। गंगा के दोनों किनारों पर मौजूद लोगों की निगाहें लगातार आसमान पर टिकी रहीं। एयर शो के प्रमुख आकर्षणों में भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम का प्रदर्शन शामिल रहा। नौ हॉक विमानों की टीम ने एक साथ उड़ान भरते हुए विभिन्न आकृतियां बनाईं। विमानों से निकलते रंगीन धुएं ने आसमान में तिरंगे जैसी छटा बिखेरी। इस दृश्य को देखकर नमो घाट सहित आसपास के घाटों पर मौजूद दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साह जताया।

1 अक्टूबर को उनकी 100वीं जयंती से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने 'फादर ऑफ फाइबर ऑप्टिक्स' नरिंदर सिंह कपानी को श्रद्धांजलि दी

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वैज्ञानिक नरिंदर सिंह कपानी को उनकी 100वीं जयंती (01 अक्टूबर) से पहले श्रद्धांजलि दी। उन्होंने फाइबर ऑप्टिक्स और आधुनिक संचार तकनीक में कपानी के अहम योगदान को याद किया। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 109वीं कड़ी में, प्रधानमंत्री मोदी ने कपानी को %फादर ऑफ फाइबर ऑप्टिक्स% (फाइबर ऑप्टिक्स के जनक) बताया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस वैज्ञानिक की उपलब्धियों के बारे में जानें और उनके काम से प्रेरणा लें। प्रधानमंत्री ने कहा, 1 अक्टूबर को भारत अपने महान वैज्ञानिकों में से एक, नरिंदर सिंह कपानी जी की 100वीं जयंती मना रहा है। दुनिया उन्हें 'फादर ऑफ फाइबर ऑप्टिक्स' के रूप में जानती है। उनका जन्म पंजाब के मोगा जिले में हुआ था। प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे बारीक ऑप्टिकल फाइबर के जरिए प्रकाश को भेजने पर कपानी के शोध ने संचार तकनीक को पूरी तरह बदल दिया। इसी शोध ने उन आधुनिक तकनीकों की नींव रखी, जो आज डिजिटल कनेक्टिविटी का अहम



हिस्सा बन चुकी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, बारीक फाइबर के जरिए प्रकाश को आगे भेजने की तकनीक पर उनके उन्नत शोध ने संचार की दुनिया को एक नई दिशा दी। आज के डिजिटल युग में फाइबर ऑप्टिक्स के महत्व पर जोर देते हुए, मोदी ने कहा कि इस तकनीक के बिना आधुनिक इंटरनेट और डिजिटल संचार प्रणालियों की कल्पना करना भी मुश्किल है। उन्होंने युवाओं से उन भारतीय वैज्ञानिकों के बारे में जानने को कहा, जिनका वैश्विक स्तर पर गहरा और स्थायी प्रभाव रहा है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, ÷आज हम जिस इंटरनेट और डिजिटल संचार के युग में जी रहे हैं, वह फाइबर ऑप्टिक्स के बिना लगभग अकल्पनीय है। आज के इस अवसर पर, हम नरिंदर सिंह कपानी जी को नमन करते हैं। मैं चाहता हूं कि हमारे युवा कपानी जी जैसे वैज्ञानिकों के बारे में पढ़ें, उनके बारे में जानें और उनसे प्रेरणा लें। 'फादर ऑफ फाइबर ऑप्टिक्स' के रूप में मशहूर नरिंदर सिंह कपानी का जन्म पंजाब के मोगा में हुआ था। VOX के अनुसार, कपानी की भौतिक विज्ञान (फिजिक्स) में बचपन से ही रुचि थी। उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से अपनी पढ़ाई की और बाद में इंपीरियल कॉलेज लंदन से अपनी आगे की शिक्षा पूरी की। उनका शुरुआती काम लचीली सामग्रियों के ज़रिए प्रकाश को भेजने पर केंद्रित था। इस तकनीक का चिकित्सा प्रक्रियाओं, जैसे कि एंडोस्कोपी, में बहुत बड़ा योगदान है। अपने शोध के दौरान, कपानी ने 'टोटल इंटरनल रिफ्लेक्शन' (पूर्ण आंतरिक परावर्तन) के सिद्धांत का इस्तेमाल करके ऑप्टिकल फाइबर के ज़रिए प्रकाश भेजने का एक तरीका खोज निकाला। इसी सिद्धांत की वजह से फाइबर ऑप्टिक्स के ज़रिए प्रकाश को एक जगह से दूसरी जगह भेजा जा सकता है।

इस क्षेत्र में अब कुछ भी पहले जैसा नहीं रहेगा: ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची

डेली आवाज भारती

तेहरान। विदेश मंत्री अराघची का मानना है कि पश्चिम एशिया के हालात पहले जैसे नहीं रहेंगे। उनके मुताबिक इसका जिम्मेदार इजरायल है। उन्होंने रविवार को तेहरान में आयोजित एक विशेष बैठक में ये भी कहा कि युद्ध फिर से शुरू हो या न हो, ईरान की नीतियां नहीं बदलेंगी। तस्नीम न्यूज एजेंसी के अनुसार बैठक विदेश नीति पर आम सहमति बनाने में दिवंगत राजनयिक कमाल खराज्जी की भूमिका पर केंद्रित थी। अब्बास अराघची ने शांति और स्थिरता पर आधारित एक ऐसी क्षेत्रीय व्यवस्था के प्रति ईरान की प्रतिबद्धता दोहराई, जिसे विदेशी हस्तक्षेप के बिना क्षेत्रीय देश खुद सुनिश्चित करें। विदेश मंत्री ने पिछले डेढ़ साल के संघर्ष, विशेष रूप से अमेरिका-इजरायल के आक्रामक युद्धों को एक 'टर्निंग पॉइंट' (महत्वपूर्ण मोड़) बताया और कहा कि इस संघर्ष के बाद अब कुछ भी पहले जैसा नहीं रहेगा। अराघची ने



कहा, इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों ने न तो अपने मेजबान देशों को और न ही किसी अन्य देश को शांति या सुरक्षा दी है। इसके विपरीत ये ठिकाने खुद असुरक्षा का स्रोत बन गए हैं। ईरान मूल रूप से ऐसी किसी भी पहल का स्वागत करता है, जिससे क्षेत्रीय देश अपनी क्षमताओं पर अधिक भरोसा कर सकें। विदेश मंत्री ने दावा, इजरायल का पर्दाफाश हो चुका है; सब जान गए हैं कि इस क्षेत्र में युद्ध भड़काने वाली एकमात्र ताकत वही है। वह बार-बार क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता कायम होने से रोकता है, जबकि खुद युद्ध भड़काने और पड़ोसी देशों को कमजोर करने की कोशिश करता है। उन्होंने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए विदेशी ताकतों की पूरी तरह से वापसी को एक अनिवार्य शर्त बताया। उन्होंने कहा, ÷ये ताकतें इस क्षेत्र में इजरायल की रक्षा करने के लिए आई हैं।÷ अराघची ने चेतावनी दी कि उनकी मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में केवल असुरक्षा ही बढ़ेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्षेत्रीय संघर्षों को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। उन्होंने तर्क दिया, ऐसा नहीं हो सकता कि क्षेत्र के एक हिस्से में शांति हो, जबकि दूसरे हिस्सों में युद्ध और टकराव जारी रहे। अराघची ने बताया कि पाकिस्तान, कतर और अन्य पक्षों की मध्यस्थता में अमेरिका के साथ हुई बातचीत के दौरान, ईरान ने इस बात पर जोर दिया कि सभी मोर्चों पर शत्रुता खत्म होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं होता है, तो क्षेत्रीय स्थिरता हासिल करना संभव नहीं होगा। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बारे में विदेश मंत्री ने कहा, यह रणनीतिक जलमार्ग दशकों से खुला रहा है। इसके तटीय देश ईरान और ओमान में से किसी ने भी समुद्री यातायात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया है। इसके बजाय, इन दोनों देशों ने सुरक्षा सुनिश्चित करने और समुद्री पर्यावरण की रक्षा करने के लिए काम किया है। हां लेकिन यहां भी अब सब कुछ पहले जैसा नहीं रहेगा। युद्ध की नई चर्चाओं पर उन्होंने कहा, ÷युद्ध हो या न हो, हमारी नीतियां वैसी ही बनी रहेंगी।÷ अराघची ने फिर दोहराया कि ईरान और इस क्षेत्र के अन्य देशों को बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के शांति से एक साथ रहना चाहिए।

हरियाणा के सोनीपत में दर्दनाक सड़क हादसा, महिला समेत 3 की मौत

डेली आवाज भारती

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत जिले में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गोहाना की तरफ जाते समय कार दुर्घटना का शिकार हुई और तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। यह हादसा सोनीपत के बड़वासनी गांव के पास हुआ। अधिकारियों ने बताया कि एक ब्रेजा गाड़ी में सवार होकर तीन लोग गोहाना की तरफ सीएनजी डलवाने जा रहे थे। गांव बड़वासनी से कुछ आगे उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तेजबीर और कृष्ण के रूप में हुई, जो सोनीपत जिले के बड़वासनी गांव के रहने वाले थे,



जबकि स्वीटी दिल्ली के नजफगढ़ की निवासी बताई जा रही है। हादसे के बाद तीनों के शव सोनीपत के सरकारी अस्पताल पहुंचाए गए। इस हादसे पर पुलिस प्रवक्ता रवींद्र कुमार ने बताया कि बड़वासनी गांव के पास हुए सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हुई है। मृतकों की पहचान तेजबीर और कृष्ण निवासी बड़वासनी गांव तथा स्वीटी निवासी नजफगढ़, दिल्ली के रूप में बताई गई है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। इससे पहले, फरीदाबाद में एक तेज रफ्तार कार ने एक साइकिल सवार को टक्कर मार दी। आरोप है कि टक्कर लगने के बाद व्यक्ति कार के नीचे फंस गया। करार चालक घायल की मदद करने के बजाय मौके से फरार हो गया। करीब 10 मिनट तक घायल कार के नीचे फंसा रहा। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार को धक्का देकर घायल को बाहर निकाला। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एलन मस्क ने एक्स मनी के नए फीचर का किया ऐलान, लाइक बटन से यूजर भेज पाएंगे डॉलर

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। एलन मस्क ने रविवार को एक्स मनी के प्रस्तावित फीचर का ऐलान किया। इसमें कोई भी यूजर, किसी अन्य यूजर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केवल लाइक बटन को लॉन्ग प्रेस करके आसानी से एक डॉलर भेज पाएगा। सोशल मीडिया पर इस फीचर का ऐलान करते हुए मस्क ने कहा कि इससे कोई भी यूजर आसानी से एक्स प्लेटफॉर्म पर छोटी राशि किसी अन्य यूजर को भेज सकता है। इस फीचर से यूजर्स के लिए कंटेंट क्रिएटर्स को टिप देना और अपनी पसंद की पोस्ट को सपोर्ट करना आसान हो जाएगा और इसके लिए उन्हें ऐप से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह प्रस्तावित पेमेंट सिस्टम, मस्क की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसके जरिए वे एक्स को एक 'एवरीथिंग ऐप' (सब कुछ करने वाला ऐप) में बदलना चाहते हैं। इस



ऐप में सोशल नेटवर्किंग, मैसेजिंग, पेमेंट और अन्य डिजिटल सेवाओं को एक ही इकोसिस्टम में शामिल किया जाएगा। मस्क ने एक्स पर लिखा, हम 'लाइक' बटन को लॉन्ग प्रेस करके, किसी को एक्स मनी के जरिए 1 डॉलर भेजने की सुविधा जोड़ रहे हैं। इस प्रस्तावित सिस्टम के तहत, यूजर्स किसी पोस्ट के लेखक को 1 डॉलर का भुगतान कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें बस सामान्य %लाइक% बटन को दबाकर रखना होगा, और यह ट्रांजैक्शन एक्स मनी के जरिए पूरा होगा। हालांकि इस कॉन्सेप्ट ने यूजर्स और क्रिएटर्स के बीच काफी दिलचस्पी जगाई है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने डेटा सेंटर्स के लिए स्थानीय मंजूरी का किया समर्थन

डेली आवाज भारती

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेटा सेंटर्स को लेकर स्थानीय मंजूरी का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि जिन समुदायों में ये सेंटर्स लगते हैं, उन्हें अच्छा आर्थिक लाभ मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि चीन से मुकाबला करने के लिए अमेरिका को इन सुविधाओं की जरूरत है। शनिवार को जॉर्जिया के पेरी में एक रैली से पहले डब्ल्यूएएनएफ-टीवी के अटलांटा न्यूज फर्स्ट को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने इस बात को खारिज किया कि डेटा सेंटर्स को लेकर रिपब्लिकन गवर्नर पद के उम्मीदवार रिक जैक्सन के साथ उनके विचार अलग हैं। इंटरव्यूअर एबी कौसौरिस से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, ÷मैं इससे सहमत हूं और मुझे लगता है कि डेटा सेंटर्स के लिए स्थानीय लोगों को बहुत सारा पैसा मिलना चाहिए। उनके इस जवाब ने डेटा सेंटर्स पर फैसले में स्थानीय भूमिका



का समर्थन किया, लेकिन उन्होंने कोई मंजूरी प्रक्रिया नहीं बताई और न ही इसके लिए कोई संघीय उपाय घोषित किया। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि समुदायों को भुगतान कैसे तय किया जाएगा या कैसे बांटा जाएगा। कौसौरिस ने यह मुद्दा तब उठाया जब उन्होंने कहा कि रिक जैक्सन का मानना है कि स्थानीय लोगों को डेटा सेंटर्स को मंजूरी देने का अधिकार होना चाहिए। इस पर ट्रंप ने कहा कि आर्थिक लाभ से समुदायों का नजरिया बदल सकता है। उन्होंने कहा, मैंने देखा है कि जब कोई डेटा सेंटर बनता है। लोग बहुत नाखुश होते हैं। अचानक, एक डेटा सेंटर समुदाय को टैक्स के रूप में या किसी भी रूप में भुगतान करने का फैसला करता है और अचानक, वही लोग उनके काम को पसंद करने लगते हैं। उन्होंने स्थानीय लाभ के समर्थन के साथ-साथ निर्माण जारी रखने की भी बात कही और चीन से प्रतिस्पर्धा का हवाला दिया। ट्रंप ने कहा कि चीन तेजी से डेटा सेंटर बना रहा है और दावा किया कि अमेरिका आगे है, हालांकि उन्होंने इसके लिए कोई आंकड़ा नहीं दिया। उन्होंने कहा, ÷लेकिन डेटा सेंटर्स के पास पैसा है। वे स्थानीय समुदायों को बहुत कुछ दे सकते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने और रिक जैक्सन ने किसी खास नियम पर चर्चा की है या उनमें मतभेद है, तो ट्रंप ने किसी प्रस्ताव का नाम नहीं लिया। इसके बजाय उन्होंने टैक्स या डिविडेंड जैसे भुगतान की संभावना पर जोर दिया। उन्होंने अनुमान लगाया कि ऐसे लाभों से लोग डेटा सेंटर्स को लेकर ज्यादा सकारात्मक होंगे।

मथुरा में कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई पीईटी-2026 परीक्षा, 84 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल

डेली आवाज भारती

मथुरा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 मथुरा जनपद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई है।

परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद हैं। जानकारी के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया जा रहा है। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। केंद्रों के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की गहन चेकिंग की जा रही है। बायोमीट्रिक सत्यापन और मेटल डिटेक्टर से



जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों के अंदर प्रवेश दिया जा रहा है। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और ब्लूटूथ डिवाइस सहित प्रतिबंधित वस्तुओं को केंद्र के अंदर ले जाने पर रोक लगाई गई है। परीक्षा में शामिल होने के लिए दूसरे जिलों और दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले अभ्यर्थियों की भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्टेशन परिसर और आसपास की यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि अभ्यर्थियों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। मथुरा में पीईटी-2026 की परीक्षा कुल 33 केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा छह पालियों में संपन्न कराई जाएगी। प्रत्येक पाली में 14,136 अभ्यर्थियों के शामिल होने का प्रावधान है। इस प्रकार सभी पालियों में कुल 84,816 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित है। परीक्षा को व्यवस्थित और नकलविहीन बनाने के लिए सभी 33 परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। वहीं, सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खाटूश्याम जी में सुना मन की बात कार्यक्रम, कार्यकर्ताओं के साथ किया संवाद

डेली आवाज भारती

सीकर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सीकर के खाटूश्यामजी में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 139वां ऐपिसोड सुना। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद में कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही है। राजस्थान फसलों, दलहन, तिलहन व फलों के उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना को बे ावा दे रही है। जिससे वोकल फॉर लोकल का संकल्प साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से स्थानीय स्तर पर



रोजगार के अवसर बे`गे और किसानों को उनकी उपज की अच्छी कीमत भी मिलेगी। इसी प्रकार डेयरी क्षेत्र को भी बे ावा दिया जा रहा है। दूध की प्रसंस्करण यूनिट्स की क्षमता को बे ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान में जल की भरपूर उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मध्यप्रदेश के साथ ईआरसीपी का समझौता हुआ, जिस पर तेजी से काम चल रहा है। शेखावाटी क्षेत्र के लिए हरियाणा राज्य के साथ यमुना जल समझौता किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा चुनाव में कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में इस समझौते को रद्द करने की बात कही और इसमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली शामिल थे। उन्होंने कहा कि खाटूश्याम जी की कृपा से ही यमुना जल समझौते के तहत हंसियावास में 800 करो रुपये की लागत से रिजर्वायर बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार राज्यों के बीच में नर्मदा समझौता हुआ और इसी प्रकार शेखावाटी सहित अन्य क्षेत्रों के लिए किसाऊ परियोजना का समझौता भी सम्पन्न हुआ है। इन महत्वपूर्ण समझौतों से शेखावाटी क्षेत्र में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सोम-कमला-अम्बा, देवास, ब्राह्मणी नदी परियोजना पर भी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार ने 10 लाख सदस्य जो` हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बना है। हमारी सरकार ने ढाई साल में कांग्रेस सरकार के मुकाबले तीन गुना अधिक बिजली उत्पादन किया है, जिससे प्रदेश में पर्याप्त बिजली सप्लाई हो रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार कोटपूतली-किशनगे और बीकानेर-कोटपूतली एक्सप्रेस-वे बना रही है।

CMYK

page 8_Layout 1 25-10-2026 19:46 Page 1

बीसी चुनावों में पंजाबी मूल के 15 उम्मीदवार जीते, कंजर्वेटिव पार्टी 64 सीटों पर आगे

डेली आवाज भारती

सरी (कनाडा), ब्रिटिश कोलंबिया कंजर्वेटिव पार्टी प्रांतीय विधानसभा चुनावों के शुरुआती नतीजों में सबसे आगे रही है। पार्टी के उम्मीदवार 93 में से 64 निर्वाचन क्षेत्रों में आगे चल रहे हैं। बीसी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (NDP) 27 सीटों पर आगे है, जबकि ग्रीन पार्टी दो सीटों पर आगे है। चुनाव की रात सामने आए ये आंकड़े शुरुआती हैं और अंतिम गिनती के बाद इनमें बदलाव हो सकता है। शुरुआती नतीजों के अनुसार, सरे (Surrey) में कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवारों ने सभी निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की है, जो शहर के राजनीतिक परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव है। इन



चुनावों में पंजाबी मूल के उम्मीदवारों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। खबरों के अनुसार, ऐसे कुल 15 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है, जिनमें से 12 कंजर्वेटिव पार्टी से और 3 BC NDP से हैं। जीतने वाले पंजाबी मूल के कंजर्वेटिव उम्मीदवारों में मनदीप धालीवाल, डॉ. हरजीत तालीवाल, जेसी सहोता, गैरी थिंड, जीशान वाला, हरमन भंगू, जोडी तूर, स्टीव कूनर, गैरी पुरेवाल, मोनिका मोहन, पवनीत सिंह और दीप संधू शामिल हैं। BC NDP से चुने गए पंजाबी मूल के तीन उम्मीदवारों में ब्रिटिश कोलंबिया विधानसभा के पूर्व स्पीकर राज चौहान, पूर्व डिप्टी प्रीमियर निक्की शर्मा और रोहिणी अरोड़ा शामिल हैं। ये नतीजे ब्रिटिश कोलंबिया में पंजाबी मूल के उम्मीदवारों की भागीदारी और चुनावी सफलता को दर्शाते हैं। इस क्षेत्र में पंजाबी बोलने वालों की एक बड़ी आबादी रहती है। अंतिम गिनती 6 से 10 नवंबर के बीच होनी है। गिनती की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही नतीजों की पुष्टि की जाएगी।

बेमौसमी बारिश के बाद बढ़ी ठंड, बच्चों और बुज़ुर्गों को स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने दी खास सलाह

अमृतसर। अक्टूबर के महीने में शनिवार को हुई बेमौसमी बारिश के बाद अमृतसर में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने वातावरण में ठंडक बढ़ा दी है। गर्मी से राहत देने वाला यह सुहावना मौसम अब उन लोगों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है, जो पहले से दमा, सांस की एलर्जी या छाती संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं। मौसम में आए इस बदलाव के बीच स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस की पुरानी बीमारी से पीड़ित मरीजों को ठंडी हवा के संपर्क में आने से बचने तथा स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। जानकारी अनुसार तेज हवाओं के बाद बारिश के बाद तापमान में गिरावट और ठंडी हवाओं के कारण कुछ लोगों में खांसी, जुकाम, गले में खराश और सांस लेने में परेशानी बढ़ सकती है। दमा के मरीजों को सीने में जकड़न, सांस लेते समय सीटी जैसी आवाज और रात के समय खांसी की शिकायत हो सकती है।

काशी में मोदी का रोड शो

समर्थकों ने फूल बरसाए : नमो घाट पर एयर शो देखेंगे

डेली आवाज भारती

वाराणसीः पीएम मोदी आज वाराणसी में हैं। पुलिस लाइन से नमो घाट तक 7 किमी. लंबा रोड शो कर रहे हैं। पीएम मोदी को देखने के लिए लोगों की भारी भी उमड़ी है। ढोल-नगांडों और भजनों की धुन से पीएम का स्वागत किया जा रहा है। समर्थक पीएम के काफिले पर फूल बरसा रहे हैं। थोड़ी देर में पीएम मोदी नमो घाट पर एयरशो देखेंगे। उनके साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी मौजूद रहेंगे। एयर शो में कुल 100 विमान हिस्सा ले रहे हैं। इसमें राफेल और सुखोई जैसे 52 लड़ाकू विमान भी शामिल हैं। भारतीय वायुसेना के 94वें स्थापना



दिवस पर एयर शो का आयोजन किया जा रहा है। एयर शो को 'विंग्स ओवर गंगा' नाम दिया गया है। इससे पहले, पीएम मोदी ने रूपापुर में 100 करो की अरविंद टेक्सटाइल मिल का उद्घाटन किया।

खूनी विवाद! पत्नी मायके गई तो घर में मचा बवाल! पिता की हत्या कर फरार हुआ बेटा

डेली आवाज भारती

श्री मुक्तसर साहिब : श्री मुक्तसर साहिब जिले के गिद्दड़बाहा शहर की राम सिंह वाली गली में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक वारदात सामने आई। पत्नी को मायके से वापस लाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद एक बेटे ने अपने 75 वर्षीय बुजुर्ग पिता पर कृपाण से हमला कर उनकी हत्या कर दी। मृतक की पहचान बख्शीश सिंह (75) पुत्र साधु सिंह, निवासी राम सिंह वाली गली, गिद्दड़बाहा के रूप में हुई है। बख्शीश सिंह का 30 वर्षीय बेटा गुरचरण सिंह बठिंडा की 100 फुट रोड पर स्थित एच.पी. पेट्रोल पंप पर काम करता है। मृतक की पत्नी जसपाल कौर के बयान के मुताबिक, कुछ दिन पहले गुरचरण सिंह का अपनी पत्नी के साथ झगड़ा हुआ था। इसके बाद 7 अक्टूबर को उसकी पत्नी अपनी तीन बेटियों को घर पर छोड़कर फरीदकोट स्थित अपने मायके चली गई थी।



पिता-पुत्र के बीच हुई बहस

पत्नी के घर छोड़कर जाने के बाद से गुरचरण परेशान रहता था। उसके पिता बख्शीश सिंह उसे बार-बार अपनी पत्नी को वापस लाने के लिए समझाते थे, लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं था। शनिवार रात इसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच फिर से विवाद हो गया। गुस्से में गुरचरण अपने कमरे से कृपाण उठा लाया और पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। वारदात के समय घर में मृतक की बुजुर्ग पत्नी और उसकी तीन पोतियां मौजूद थीं। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर डीएसपी जतिंदर सिंह चोपड़ा और थाना गिद्दड़बाहा के एसएचओ परविंदर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयानों के आधार पर आरोपी गुरचरण सिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

पंजाब के नौजवान की रशिया में मौत

- परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़
- 9 महीने पहले ही गया था विदेश

डेली आवाज भारती

होशियारपुर : होशियारपुर के दसूहा के गांव सीपरीयां के नौजवान रजनीश सिंह लक्की की रशिया में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। इस दुखद खबर के आते ही पूरे गांव में शोक की लहर है। जानकारी अनुसार रजनीश सिंह उर्फ लक्की जिसकी उम्र 29 साल थी और 9 महीने पहले ही अपना भविष्य बनाने रशिया गया था। रजनीश के पिता की मौत हो चुकी है और रजनीश अपनी विधवा माँ का एकमात्र सहारा था। परिवार के आर्थिक हालत ठीक नहीं है जिसके चलते रजनीश विदेश गया था। पर बीते दिन उनकी मौत की खराब से पूरे इलाके में शोक की लहर है।



रजनीश का पार्थिव शरीर कल उसके गांव सीपरीयां पहुंचेगा जहाँ उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

जम्मू-कश्मीरः रियासी में मिनी-बस पलटने से 5 लोग घायल

डेली आवाज भारती

रियासी (जम्मू-कश्मीर), रविवार को रियासी जिले के ज्योतिपुरम के पास एक मिनी-बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच लोग घायल हो गए। यह मिनी-बस बकल से रियासी जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। खबर लिखे जाने तक बचाव अभियान जारी था। घायलों की स्थिति और दुर्घटना के कारणों के बारे में अभी और जानकारी आनी बाकी है। इससे पहले बुधवार को, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक सड़क हादसे में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और दस अन्य घायल हो गए। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, घायलों को तुरंत रामनगर के उप-जिला अस्पताल (SDH) ले जाया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए उधमपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज (GMC) रेफर



किया जा रहा है। 'ङ्ग' (ट्विटर) पर एक पोस्ट में, जितेंद्र सिंह ने हताहतों और चल रहे चिकित्सा प्रयासों के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने पोस्ट किया, ÷दो लोगों की मौत की खबर है। 10 घायल लोग रामनगर के उप-जिला अस्पताल (SDH) पहुंच चुके हैं। इनमें से 3 लोगों को उधमपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज (GMC) ले जाया जा रहा है। 3 और एम्बुलेंस जल्द ही रामनगर के उप-जिला अस्पताल पहुंचने वाली हैं। सिंह ने कहा, इसके साथ ही, मैंने दिल्ली में BRO (सीमा सड़क संगठन) के अधिकारियों के साथ रामनगर से बसंतगढ़ तक सड़क निर्माण का मुद्दा भी उठाया है। दुर्घटना के कारणों और घायलों की स्थिति के बारे में अभी और जानकारी आनी बाकी है। उप-आयुक्त अनंत द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के गाला पचौंड में एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद, आपातकालीन राहत दल और चिकित्सा कर्मी बचाव और लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के काम के लिए तुरंत मौके पर पहुंच गए। उधमपुर जिले के गाला पचौंड में एक यात्री बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 10 लोग घायल हो गए। घटना के बाद, बचाव और लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के कार्यों में समन्वय के लिए आपातकालीन राहत टीमें, उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (SDM) और चिकित्सा कर्मी तुरंत मौके पर पहुंच गए।

सिंहपुरा फ्लाईओवर के नीचे बिगड़ी यातायात व्यवस्थाः बेतरतीब पार्किंग व चार महीने से बंद लाइटों के कारण रोज लग रहा जाम

- ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के बावजूद नहीं मिल रही राहत, एनएचएआई को लिखकर भेजाः ट्रैफिक इंचार्ज

डेली आवाज भारती

ब्रांडेड शोरूमों व ढाबों के बाहर सड़क किनारे खड़े होते हैं वाहन, सर्विस रोड पर राहगीर हो रहे परेशान

जीरकपुरःतरनप्रीत सिंह गिल : जीरकपुर-अंबाला हाईवे पर सिंहपुरा फ्लाईओवर के पास यातायात व्यवस्था बदहाल होने के कारण वाहन चालकों को रोजाना भारी जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। अंबाला की तरफ जाते समय फ्लाईओवर शुरू होते ही सर्विस रोड के किनारे बने ब्रांडेड शोरूमों और ढाबों में आने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क किनारे ही खड़े कर देते हैं। इस कारण सर्विस रोड पर यातायात गंभीर रूप







से प्रभावित होता है। दूसरी ओर, फ्लाईओवर के नीचे लगी ट्रैफिक लाइटें पिछले करीब चार महीनों से बंद पड़ी हैं, जिससे इस व्यस्त प्वाइंट पर समस्या और गंभीर हो गई है। उल्लेखनीय है कि सिंहपुरा फ्लाईओवर के पास हाईवे से वाहन सर्विस रोड पर उतरते हैं। इसी स्थान पर कट होने के कारण वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। सर्विस रोड के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन सड़क की उपलब्ध जगह को काफी कम कर देते हैं। इसके चलते हाईवे से सर्विस रोड पर उतरने वाले वाहनों को निकलने में भारी परेशानी आती है। पीक आवर्स (व्यस्त समय) के दौरान वाहनों का दबाव बढ़ने पर यहां यातायात की रफ्तार धीमी पड़ जाती है और देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। फ्लाईओवर के नीचे लगी ट्रैफिक लाइटें पिछले चार महीने से बंद होने के कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रैफिक लाइटें चालू न होने से इस मुख्य चौक पर वाहनों की आवाजाही को सुचारू रूप से चलाना बेहद मुश्किल हो जाता है। खासकर सुबह और शाम के समय हाईवे से सर्विस रोड पर आने वाले और दूसरी दिशा से आने वाले वाहन आमने-सामने फंस जाते हैं। कई बार वाहनों की लाइनें कई किलोमीटर तक लंबी हो जाती हैं, जिससे लोगों का कीमती समय बर्बाद होता है। इस प्वाइंट पर यातायात को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी तैनात रहते हैं, लेकिन सर्विस रोड पर गलत पार्किंग और बंद लाइटों के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। हालांकि गलत ढंग से वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी कर रही है, लेकिन लोगों के अनुसार जाम की समस्या से स्थायी समाधान के लिए ट्रैफिक लाइटों को तुरंत चालू करना और सड़क किनारे बेतरतीब पार्किंग पर सख्त रोक लगाना बेहद जरूरी है।

जल्द चालू करवाई जाएंगी ट्रैफिक लाइटें: ट्रैफिक इंचार्ज

बंद पड़ी ट्रैफिक लाइटों को दोबारा चालू करवाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को लिखित रूप में भेजा गया है। उम्मीद है कि जल्द ही लाइटें चालू हो जाएंगी। इसके अलावा जिन स्थानों पर गलत ढंग से वाहन खड़े किए जा रहे हैं, वहां विशेष अभियान चलाकर चालान किए गए हैं। ऐसे करीब 10 वाहनों के चालान किए गए हैं।

– संजीव कुमार, ट्रैफिक इंचार्ज, जीरकपुर

पंजाब की राजनीति में फिर तेज हुई गठबंधन की चर्चा

अकाली दल और भाजपा को लेकर अटकलें

- 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक समीकरणों पर निगाहें

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज होती दिखाई दे रही हैं। राज्य में शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के बीच संभावित गठबंधन को लेकर एक बार फिर चर्चाएं सामने आई हैं। राजनीतिक हलकों में दोनों दलों के बीच पर्दे के पीछे बातचीत होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और अन्य



राजनीतिक दल भी आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीति तैयार कर रहे हैं। नशे, किसानों के मुद्दों, सरकारी योजनाओं और कानून-व्यवस्था जैसे विषयों पर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। हालांकि, अकाली दल और भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर अभी किसी अंतिम समझौते की पुष्टि उपलब्ध रिपोर्ट में नहीं की गई है। इसलिए इसे संभावित राजनीतिक घटनाक्रम के तौर पर ही देखा जाना चाहिए।

ऑपरेशन ट्राइडेंट: तीन राज्यों में 38 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी, 18 गिरफ्तार

एनसीबी की अगुवाई में अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी नेटवर्क पर कार्रवाई; 100 करोड़ रुपये के हवाला लेन-देन का खुलासा, 1,424 बैंक खाते फ्रीज

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के तहत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (ह्रष्ट्रक्र) ने 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' के अंतर्गत असम, मिजोरम और मणिपुर में एक साथ 38 स्थानों पर छापेमारी की। 23 अक्टूबर 2026 को चलाए गए इस अभियान में केंद्रीय एजेंसियों और तीनों राज्यों की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के अनुसार, इस अभियान के दौरान एक अंतरराष्ट्रीय नारको-कार्टेल के नेटवर्क को निशाना बनाया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने अभियान में शामिल केंद्रीय एजेंसियों और तीनों राज्यों की पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स टीम को बधाई दी। उनके अनुसार, भारत ने 31 दिसंबर 2029 तक नशे के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। अभियान के दौरान करीब 100 करोड़ रुपये के कथित अवैध हवाला लेन-देन का पता चला। इसके अलावा 1,424 बैंक खातों को फ्रीज किया गया और 17.82 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। कार्रवाई में 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए, जबकि 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसियों के अनुसार, यह नेटवर्क भारत, म्यांमार और बांग्लादेश की सीमाओं से जुड़े तस्करी मार्गों के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी करता था। इस नेटवर्क पर मेथामफेटामाइन और हेरोइन की तस्करी में शामिल होने का आरोप है। ह्रष्ट्रक्र ने मिजोरम पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) के साथ समन्वय कर अभियान को अंजाम दिया। इसके लिए कई दिनों तक खुफिया सूचनाओं का विश्लेषण, संदिग्ध ठिकानों की पहचान और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय किया गया। असम, मिजोरम और मणिपुर में कुल 38 संयुक्त टीमों ने पहले से चिन्हित 38 स्थानों पर तलाशी और कार्रवाई की। इनमें मिजोरम की राजधानी आइजोल, चंफाई और भारत-म्यांमार सीमा के निकट जोखावथर जैसे क्षेत्र शामिल थे। इसके अलावा मणिपुर के चुराचांदपुर और असम के कछार क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। एजेंसियों का उद्देश्य केवल मादक पदार्थों की बरामदगी तक सीमित नहीं था, बल्कि तस्करी के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, वित्तीय लेन-देन और सहयोगियों की पहचान कर पूरे नेटवर्क को कमजोर करना था। जांच एजेंसियों के अनुसार, इस अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क का कथित सरगना थांगसिंतुआंग उर्फ चिंतुआंग उर्फ तलुआंगा है, जिसके खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े कई मामलों में कार्रवाई की गई है। उपलब्ध आधिकारिक विवरण के मुताबिक, उसे पहले दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था।

नेटवर्क के अन्य कथित सदस्यों में वुंगखानथौना, ललरमपारी और अबू सालेह उर्फ सैफुद्दीन के नाम शामिल हैं। जांच के अनुसार, इन लोगों की भूमिका कथित तौर पर नशीले पदार्थों की खेप के परिवहन, हवाला लेन-देन और तस्करी के लिए इस्तेमाल होने वाले मार्गों के संचालन से जुड़ी थी। ललरमपारी को 8 अगस्त 2024 को ह्रष्ट्रक्र ने गिरफ्तार किया था, जबकि अबू सालेह को 20 नवंबर 2025 को असम के कछार से गिरफ्तार किए जाने का उल्लेख आधिकारिक विवरण में किया गया है। इन मामलों की जांच में कथित तौर पर फर्जी कंपनियों, वित्तीय बिचौलियों और अवैध धन के हस्तांतरण से जुड़े नेटवर्क का भी पता चला।

वित्तीय नेटवर्क पर कार्रवाई पर जोर

'**नारकोटिक्स** कंट्रोल विजन डॉक्यूमेंट (2026-2029)' के तहत इस तरह की कार्रवाई में तस्करी से जुड़े वित्तीय स्रोतों, संपत्तियों और सहयोगियों की पहचान पर जोर दिया गया है। जांच एजेंसियां डिजिटल फॉरेंसिक और वित्तीय विश्लेषण के माध्यम से नेटवर्क के आगे और पीछे के संपर्कों की पड़ताल कर रही हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नशा तस्करी करने वाले गिरोहों के पूरी तरह खत्म होने तक उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ऑपरेशन ट्राइडेंट को अंतरराष्ट्रीय नशा तस्करी और उससे जुड़े कथित वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ बहु-एजेंसी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।